

दैनिक

www.dainikjagoworld.com

# जागो वर्ल्ड

सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक



**आज का विचार**

किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 130 .कुल पृष्ठ -10 . 24 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## पीएम मोदी कल बसंत पंचमी पर तमिलनाडु में करेंगे रैली; पीयूष गोयल और AIADMK प्रमुख ने की बैठक

जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दक्षिण भारत के अहम दौरे पर जा रहे हैं. इस दौरे के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने केरल और तमिलनाडु में अपने विधानसभा चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत कर दी है. प्रधानमंत्री मोदी पहले केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचेंगे. यहां वह कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे. सरकारी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री पार्टी की रैली को संबोधित करेंगे. इसके बाद वह तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले में जनसभा करेंगे. तमिलनाडु की इस जनसभा में एनडीए के कम से कम छह सहयोगी दल प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करेंगे. इनमें AIADMK प्रमुख सहयोगी के रूप में शामिल होगी.



### पीयूष गोयल ने क्या कहा?

भाजपा नेताओं के अनुसार यह जनसभा गठबंधन की एकता और ताकत का प्रदर्शन होगी. एक दिन पहले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने तमिलनाडु में गठबंधन दलों के साथ कई अहम बैठकें की थीं. उन्होंने AIADMK महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी से भी मुलाकात की. पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर राज्य में जबरदस्त उत्साह है. उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु के हर कोने से लोग प्रधानमंत्री को सुनने आ रहे हैं.

### कब हुई एनडीए से गठबंधन की पुष्टि?

पीएम के नेता अंबुमणि रामदास ने भी जनवरी के पहले हफ्ते में एनडीए से गठबंधन की पुष्टि की. संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोयल ने डीएमके सरकार पर हमला बोला. उन्होंने केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार का वादा किया. गोयल ने कहा कि एनडीए विकास, बुनियादी ढांचा और सुशासन को प्राथमिकता देगा. उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों और मछुआरों के लिए काम करने की बात कही. एनडीए का मुकाबला डीएमके के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस से होगा. इस गठबंधन में कांग्रेस, वीसीके, सीपीआई और सीपीआई एम शामिल हैं. इसके अलावा अभिनेता विजय की पार्टी टीवी के और नाम तमिलर कच्ची भी चुनावी मैदान में होंगी.

## नाले के पानी और पाले ने ली सेना के वाहन की जान: फिसलन बनी हादसे की वजह, 10 जवानों की गई जान, 11 घायल

जागो वर्ल्ड / जम्मू-कश्मीर

सेना का वाहन जब एक मोड़ के पास मोड़ पर पहुंचा तो सड़क पर जमे हुए पानी के कारण वह अनियंत्रित होकर फिसलने लगा। शुरुआती जांच के संकेतों के अनुसार, चालक ने वाहन को नियंत्रित करने के लिए ब्रेक लगाने का पूरा प्रयास किया लेकिन सड़क पर जमे पानी की बर्फ इतनी चिकनी थी कि टायर पकड़ नहीं बना सके। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में प्रकृति की मार और दुर्गम भौगोलिक स्थिति ने वीरवार को सेना के बुलेटप्रूफ वाहन को सड़क हादसे में धकेल दिया। पहाड़ी चोटी पर निकले सेना के जवानों का वाहन भद्रवाह में फिसलन भरे रास्ते पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। व्हाइट नाइट कोर ने भी दुर्घटना का कारण खराब दृश्यता और सड़क पर जमे पाला के कारण पैदा हुई अत्यधिक फिसलन बताया है। पूरा भद्रवाह क्षेत्र इन दिनों भीषण ठंड की चपेट में है। बुधवार की रात में यहां का तापमान माइनस 1.5 डिग्री सेल्सियस था। भद्रवाह के पहाड़ों पर



भीषण ठंड में सड़कों पर बहता पानी जम जाता है। सड़कों पर जमी रात की नमी अगले दिन दोपहर तक नहीं पिघलती। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जहां पर हादसा हुआ वहां पर एक छोटा से नाला है। इस नाले का कुछ पानी सड़क पर भी आ जाता है। पानी और रात में गिरे पाला ने रास्ते पर कांच जैसी परत बना ली थी। इस कारण से हादसे वाले स्थान पर काफी अधिक फिसलन थी। दोपहर का समय होने के बावजूद ये बर्फीली परत नहीं पिघली थी। सेना का वाहन जब एक मोड़ के पास मोड़ पर पहुंचा तो सड़क पर जमे हुए पानी के कारण वह अनियंत्रित होकर फिसलने लगा। शुरुआती जांच के संकेतों के अनुसार, चालक ने वाहन को नियंत्रित करने के लिए ब्रेक लगाने का पूरा प्रयास किया लेकिन पर जमे पानी की बर्फ इतनी चिकनी थी कि टायर पकड़ नहीं बना सके। जब तक ब्रेक का दबाव काम करता तब तक भारी वाहन सड़क छोड़कर 200 फीट गहरी खाई की ओर जा गिरा। सफेद चादर ओढ़े पहाड़ों और कम विजिबिलिटी के बीच बचाव कार्य भी बेहद कठिन रहा। खाई की गहराई और मलबे के बीच फंसे जवानों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों और आपदा प्रबंधन टीमों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को तुरंत एयरलिफ्ट कर उधम पुर के सैन्य अस्पताल भेजा गया है। हादसे में 4 आरआर के 10 जवानों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हैं। गंभीर रूप से घायल 10 जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर सैन्य अस्पताल ले जाया गया। डोडा जिले के भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर करीब 9000 फीट की ऊंचाई पर खन्नी टॉप है।

### 10 जवानों की स्थिति गंभीर

ब्लॉक मेडिकल अफसर भद्रवाह डॉ. वर्षा शर्मा ने बताया कि वाहन में सवार 21 जवानों में से 10 की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि 11 घायल थे। घायलों में 10 जवानों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है जिन्हें हेलिकॉप्टर के माध्यम से उधमपुर स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया। मामूली रूप से घायल एक जवान का भद्रवाह अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### ये जवान हुए बलिदान

जोबन जीत, सुधीर नरवाल, मोनू, मोहित, एचआर कंवर, सिमरन, पी लोरा, सुलिंदर, अजय लोफरा और स्वर्ण नागपाल।

### ये हैं घायल

जेपी सिंह, नीरज, अनूप, नागिस, अमन, शंकर, संदीप, जोबनप्रीत, राकेश और अभिमन्यु गंभीर रूप से घायल हैं। साहिल भी घायल हैं, हालांकि उन्हें कम चोटें आई हैं।

### सर्वोत्तम उपचार मुहैया कराने के निर्देश

इस गहरे दुख की घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोत्तम संभव उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना है। - मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल

## 'बोर्ड ऑफ पीस' लॉन्च: ट्रंप की हमास को चेतावनी, कहा– हथियार डालो या खत्म हो जाओ

जागो वर्ल्ड / दावोस

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को स्विज़रलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान अपने बहुप्रतीक्षित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) का औपचारिक अनावरण किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' के फाउंडिंग चार्टर पर साइन किए। यूनाइटेड नेशन के तर्ज पर बनाए गए इस बोर्ड का शुरुआती फोकस गाजा पर होगा, लेकिन इसका विस्तार दुनियाभर के विवादों को सुलझाने के लिए हो सकता है। हस्ताक्षर समारोह के दौरान ट्रंप ने स्पष्ट किया कि यद्यपि उन्होंने अतीत में यूएन की आलोचना की है, लेकिन वह चाहते हैं कि उनका यह नया बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर काम करे। उन्होंने कहा कि एक



बार जब यह बोर्ड पूरी तरह से गठित हो जाएगा, तो हम जो चाहें कर सकेंगे और हम इसे संयुक्त राष्ट्र के साथ तालमेल बिठाकर करेंगे। ट्रंप ने अपने संबोधन में गाजा संघर्ष को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए हमास को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हमास को अपने हथियार डालने होंगे, अन्यथा उनका अंत निश्चित है। और उनका शांति बोर्ड गाजा के पुनर्निर्माण तथा वहां एक स्थायी शांति व्यवस्था कायम करने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

### भारत ने बनाई दूरी, पाक संग 22 देश बने सदस्य

बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के लिए अमरीका ने भारत को भी न्योता दिया था, लेकिन भारत ने इससे दूरी बना ली। भारत के अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई अन्य प्रमुख देश भी न्योते के बावजूद 'शांति बोर्ड' के अनावरण समारोह से नदारद रहे। वहीं साइन सेरेमनी के दौरान कुल 22 देशों ने इस चार्टर पर साइन किए। पीस बोर्ड पर साइन करने वाले देशों में अमरीका, बहरीन, मोरक्को, अर्जेंटीना, आर्मेनिया, अजरबैजान, बेल्जियम, बुल्गारिया, मिस्र, हंगरी, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कोसोवो, मंगोलिया, पाकिस्तान, पराग्वे, कतर, सऊदी अरब, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और उज्बेकिस्तान हैं।

## मनरेगा को लेकर राहुल का हमला, बोले मजदूरों के साथ किसानों जैसा व्यवहार

जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार जिस 'वीबी–जीराम –जी' बिल की बात कर रही है, वह महज एक जुमला है और इसका असली उद्देश्य गरीबों से उनका अधिकार छीनना है। राहुल गांधी ने गरीबों और श्रमिकों से इस बिल के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। राहुल गांधी न ई दिल्ली में आयोजित रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए मनरेगा मजदूरों ने भाग लिया और सरकार की नीतियों क खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी और देशभर से आए मजदूरों द्वारा लाई गई मिट्टी को पौधों में डाला। इसे कांग्रेस ने ग्रामीण श्रम, अधिकार और जमीन से जुड़ाव का प्रतीक बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि मनरेगा और ग्रामीण रोजगार के भविष्य को बचाने का संकल्प है। राहुल गांधी बोले मनरेगा ने गरीब को अधिकार दिया अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गरीबों का अधिकार था। उन्होंने कहा,



"मनरेगा इसलिए लाई गई थी ताकि गरीब लोगों को काम करने का अधिकार मिले। यह कोई दया या कृपा नहीं थी। इसमें साफ लिखा था कि जरूरतमंद को काम मांगने पर काम देना सरकार की जिम्मेदारी है।" राहुल गांधी ने कहा कि यह योजना पंचायती राज व्यवस्था के जरिए लागू की गई थी, ताकि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो और फैसले गांव के स्तर पर लिए जाएं। 'अधिकार' शब्द से डरती है भाजपा राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को "अधिकार" शब्द से समस्या है। उन्होंने कहा, "मनरेगा में गरीबों को अधिकार दिया गया था। यही बात भाजपा को पसंद नहीं है। श्रमिकों की भागीदारी से बढ़ा आंदोलन का स्वर सम्मेलन में शामिल मजदूरों ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि मनरेगा ने उन्हें संकट के समय गांव में ही रोजगार दिया। कई मजदूरों ने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में काम राहुल गांधी के आक्रामक तेवर और खड़गे के संसद में संघर्ष के ऐलान से साफ है कि कांग्रेस इस मुद्दे पर पीछे हटने के मूड में नहीं है।

## नोएडा सेक्टर 132 स्थित शिव नादर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

जागो वर्ल्ड - उत्तरप्रदेश

उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 132 स्थित एक निजी स्कूल शिव नादर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी का ई- मेल मिलने से हडक़ंप मच गया। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और तमाम सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं। पुलिस को शुक्रवार सुबह स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिलने की जानकारी के बारे में बताया। सूचना मिलने पर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और अलग- अलग थानों की पुलिस फोर्स, बम स्काड, फायर ब्रिगेड, खोजी स्वान और बीडीडीएस



(बम डिस्पोजल) टीम द्वारा स्कूल परिसर में सघन जांच की गई। इसके साथ ही साइबर टीम को प्राप्त ई-मेल की तकनीकी जांच सौंपी गई है, ताकि धमकी भेजने वाले की पहचान की जा सके। एहतियातन स्कूल बसों को वापस भेज दिया गया है और बच्चों को तय ड्रॉप प्वाइंट पर उतारा जा रहा है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्थानों पर पहुंचकर बच्चों को लें और बस स्टाफ के संपर्क में बने रहें। स्कूल की प्रिंसिपल अंजू सोनी ने अभिभावकों से सहयोग और समझदारी बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है, मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। जांच प्रक्रिया जारी है।

## सोने और चांदी के दाम में आई भारी गिरावट

जागो वर्ल्ड / नई दिल्ली

वायदा बाजार में सोने और चांदी की दरें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं. सोना (MCX फरवरी वायदा) करीब 2,900 रुपये (लगभग 2%) उछलकर 1,59,226 प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, वहीं चांदी (MCX मार्च वायदा) 12,600 रुपये से ज्यादा (करीब 4%) बढ़कर 3,39,927 प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. सोने-चांदी में 22 हजार रुपये की गिरावट के बाद आज 23 जनवरी को कितना चढ़ गया भाव, क्या अभी खरीदना सही रहेगा? Gold Silver : बड़ी गिरावट के बाद फिर चढ़ा सोना चांदी सोने-चांदी में लगातार चढ़त के बाद गुरुवार को बड़ी गिरावट देखी गई, लेकिन 23 जनवरी, शुक्रवार की सुबह एक बार फिर से भाव चढ़ गए. जियो-पॉलिटिकल रिस्क बढ़ने और अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के चलते सेफ-हेवेन की मांग बढ़ने से 23 जनवरी (शुक्रवार) की सुबह घरेलू वायदा बाजार में सोने और चांदी की दरें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं. सोना (MCX फरवरी वायदा) करीब 2,900 रुपये (लगभग 2%) उछलकर



1,59,226 प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, वहीं चांदी (MCX मार्च वायदा) 12,600 रुपये से ज्यादा (करीब 4%) बढ़कर 3,39,927 प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया. सोने की कीमतें, 24 कैरेट सोना: ₹15,971 प्रति ग्राम, 22 कैरेट सोना: ₹14,640 प्रति ग्राम,18 कैरेट सोना: ₹11,978 प्रति ग्राम| गुरुवार को वैश्विक बाजारों में आई स्थिरता के कारण सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई. बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के आंकड़ों के अनुसार, चांदी की कीमत में 19,386 रुपये की बड़ी कटौती हुई, जिससे इसका भाव 3,19,097 रुपये से गिरकर 2,99,711 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया. सोना 0.12% गिरकर 4,831 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.01% की कमजोरी के साथ 93 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है.

## बीएमसी मेयर महिला ही होगी: महाराष्ट्र में निकाय चुनाव पर बड़ा अपडेट, भाजपा-शिवसेना मिलकर तय करेंगे नाम

जागो वर्ल्ड/मुंबई

बीएमसी चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत के बाद मुंबई के अगले मेयर को लेकर सस्पेंस बना हुआ है. मेयर पद महिला के लिए आरक्षित होने से बीजेपी की चार महिला पार्षद तेजस्वी घोसालकर, ऋतु तावड़े, राजश्री शिरवडकर और शीतल गंभीर रेस में सबसे आगे हैं. जल्द ही मुंबई को नया महिला मेयर मिलने वाला है. BMC चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद अब मुंबई की राजनीति का फोकस एक ही सवाल पर टिक गया है मुंबई का अगला मेयर कौन होगा? 227 सीटों वाली बृहन्मुंबई महानगरपालिका में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. पार्टी ने 89 सीटें जीतकर सत्ता की दावेदारी मजबूत कर ली है. गठबंधन सरकार तो तय मानी जा रही है. लेकिन असली सस्पेंस मेयर



के चेहरे को लेकर बना हुआ है. इस बार समीकरण इसलिए भी दिलचस्प हैं क्योंकि मेयर पद महिला के लिए आरक्षित हुआ है. BMC में आरक्षण की लॉटरी ने कई पुराने दिग्गजों के अरमानों पर पानी फेर दिया है, तो कई नए चेहरों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं. महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में से 15 में महिला मेयर चुनी जाएंगी. मुंबई में भी जनरल कैटेगरी की महिला के लिए मेयर पद रिजर्व है. ऐसे में बीजेपी के भीतर चार महिला पार्षदों के नाम सबसे आगे चल रहे हैं.

## पंजाब के सीमावर्ती जिलों में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, 10 ठिकानों पर छापे

जागो वर्ल्ड - चंडीगढ़

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2025 अमृतसर मंदिर ग्रेनेड आतंकी हमले के मामले में चल रही जांच के तहत पंजाब के तीन सीमावर्ती जिलों में 10 जगहों पर छापे मारे हैं। अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर में मारे गए इन छापों में कई आपत्तिजनक चीजें जब्त की गईं, जिनमें मोबाइल फोन, डिजिटल डिवाइस और कई दस्तावेज़ शामिल हैं। यह मामला पिछले साल 14 मार्च की रात को अमृतसर में शेर शाह रोड पर खंडवाला में ठाकुर द्वारा सनातन मंदिर के बाहर हुए धमाके से जुड़ा है। एजेंसी की जांच में बाद में पता चला कि यह हमला कई विदेशी हैंडलर्स के निर्देश पर किया गया था, जिन्होंने इलाके में दहशत फैलाने के लिए विस्फोटक और हथियार मुहैया कराए थे। लेकिन सितंबर में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया। शरणजीत को विदेशी हैंडलर्स से खेप मिलती थी, ने तीन हैंड ग्रेनेड और एक पिस्तौल भी छिपा रखी थी, जिसे बाद में एजेंसी ने गुरदासपुर जिले की एक जगह से बरामद किया।

# अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने बांटा हलवे का प्रसाद,

## श्री राम जी हमारे आराध्य, अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम,दविंदर कुमार भुट्टो

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ जोगिंदर देव आर्य

बंगाणा, श्री अयोध्या धाम मंदिर में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों में हलवा वितरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, भाजपा कार्यकर्ता और राम भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भगवान श्री राम जी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि हमारे आराध्य, आदर्श और जीवन पथ प्रदर्शक हैं। श्री राम का जीवन सत्य, मर्यादा, त्याग और धर्म का प्रतीक है, जिनं से हर व्यक्ति को प्रेरणा लेता है । उन्होंने कहा कि श्री अयोध्या में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना का ऐतिहासिक क्षण था। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि लगभग 500 वर्षों तक प्रभु श्री राम जी किस के कारण को त्रिपाल में विराजमान रहना पड़ा और आज के समय में उनकी हालत क्या है। यह बताने की जरूरत नहीं है। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि जो करोड़ों राम भक्तों के लिए पीड़ा का विषय रहा। इतने लंबे संघर्ष, बलिदान और प्रतीक्षा के बाद आज अयोध्या में भव्य और दिव्य श्री




राम मंदिर का निर्माण हुआ है। यह मंदिर न केवल हिंदू समाज की आस्था का केंद्र है, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक भी है। उन्होंने केंद्र सरकार की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग और दृढ़ संकल्प से श्री राम मंदिर का सपना साकार हुआ। वर्षों से चले आ रहे विवाद का शांतिपूर्ण संवैधानिक समाधान निकालकर देश को एक ऐतिहासिक सौगात दी गई। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि यह मंदिर करोड़ों देशवासियों की आस्था का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि श्री राम मंदिर का निर्माण केवल एक इमारत का निर्माण नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला कदम है। श्री राम जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति चाहे कितनी भी कठिनाइयों का सामना करे, अंततः विजय उसी की होती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। दविंदर कुमार भुट्टो ने लोगों में हलवा वितरित कर खुशी साझा की और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाई चारे, एकता और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ हम सभी के लिए गौरव का विषय है और इसे श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी श्री राम मंदिर के निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए खुशी जताई। लोगों ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मंदिर बनने से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देश की सांस्कृतिक पहचान को भी वैश्विक स्तर पर मजबूती मिलेगी दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि श्री राम मंदिर केवल अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की आस्था का केंद्र है। हमें गर्व है कि हम उस युग के साक्षी हैं, जब 5 0 0 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।उन्होंने सभी से आग्रह किया कि श्री राम के आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, संस्कारित और समरस समाज के निर्माण में योगदान दें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ , राजेंद्र ठाकुर, अभय सिंह राणा,अमन शर्मा ,रणबीर सिंह राणा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# कुटलैहड़ की राजनीति में ‘राजसी ,करवट भाजपा के मंच से टिक्का शिवेंद्र पाल की एंट्री, विरासत युवा शक्ति रोजगार की त्रिवेणी से नए सियासी समीकरण

जागो वर्ल्ड - लठियानी / विनोद शर्मा

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर निर्णायक विमर्श के केंद्र में आ खड़ा हुआ है। वर्षों तक शांत, संतुलित और अपेक्षाकृत स्थिर मानी जाने वाली यह सीट अब अचानक सियासी ऊर्जा से भर उठी है। इस बदलाव के केंद्र में हैं टिक्का शिवेंद्र पाल कांग्रेस के दिग्गज नेता स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह के विश्वास पात्र रहे राजा महेंद्र पाल के पौत् जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मंच से सक्रिय राजनीति में औपचारिक और प्रभावशाली प्रवेश किया है।यह केवल एक युवा नेता की राजनीतिक शुरुआत नहीं, बल्कि कुटलैहड़ की राजनीति में एक नए अध्याय का उद्घोष है। जहां परंपरा और परिवर्तन, अनुभव और ऊर्जा, विरासत और भविष्य एक साथ कदमताल करते नजर आ रहे हैं।भाजपा का संकेत यह सिर्फ नियुक्ति



नहीं, भविष्य की भूमिका है भाजपा ने टिक्का शिवेंद्र पाल को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) हिमाचल प्रदेश का प्रवक्ता नियुक्त कर स्पष्ट संदेश दे दिया है कि पार्टी अब कुटलैहड़ में दीर्घकालिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। यह फैसला सामान्य संगठनात्मक प्रक्रिया से कहीं आगे जाकर भविष्य की राजनीति की रूपरेखा तैयार करने वाला कदम माना जा रहा है। इस नियुक्ति के जरिए भाजपा ने न केवल एक पढ़े- लिखे, सुसंस्कृत और संवादशील युवा चेहरे को आगे किया है, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि आने वाले वर्षों में कुटलैहड़ पार्टी की प्राथमिक राजनीतिक प्रयोगशालाओं में शामिल रहने वाला है।विरासत की वापसी इतिहास जो अधूरा रह गया थाराजा महेंद्र पाल ने वर्ष 1998 में कांग्रेस के टिकट पर कुटलैहड़ से विधानसभा चुनाव लड़ा था। वह चुनाव आज भी राजनीतिक गलियारों में याद किया जाता है।जब मात्र तीन वोटों के अंतर से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यह पराजय केवल एक चुनावी हार नहीं थी, बल्कि एक सशक्त राजनीतिक विरासत के अस्थायी ठहराव का प्रतीक बन गई थी। इसके बाद यह परिवार लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से लगभग दूर रहा। अब, दशकों बाद, टिक्का शिवेंद्र पाल ने उसी विरासत को नए संदर्भ, नई सोच और नए राजनीतिक मंच के साथ पुनर्जीवित किया है। यह वापसी भावनाओं के शोर से अधिक रणनीति की स्पष्टता लिए हुए है।जहां अतीत सम्मान के साथ मौजूद है, लेकिन दिशा पूरी तरह भविष्य की ओर है। 'सियासी मास्टरस्ट्रोक या संगठन की अग्निपरीक्षा ?भाजपा में टिक्का शिवेंद्र पाल की एंट्री को कई राजनीतिक विश्लेषक सियासी मास्टरस्ट्रोक‘ करार दे रहे हैं। पार्टी को एक ऐसा चेहरा मिला है जो सामाजिक रूप से प्रभावशाली है, युवाओं में स्वीकार्य है और शहरी मतदाताओं तक पहुंच रखने की क्षमता रखता है।हालांकि, इस कदम से संगठन के भीतर हलचल भी स्वाभाविक है। वर्षों से पार्टी की नींव बने कार्यकर्ताओं के बीच यह प्रश्न उठने लगे हैं कि क्या उनकी निष्ठा और परिश्रम केवल संगठन संचालन तक सीमित रह जाएगा। फिलहाल यह असंतोष भीतरखाने तक ही सीमित है और शीर्ष नेतृत्व संतुलन साधने में जुटा हुआ है लेकिन यह साफ है कि आने वाला समय संगठनात्मक कुशलता, की परीक्षा लेने वाला है।टिकट की दौड़ कुटलैहड़ में बहुकोणीय राजनीति की शुरुआत कुटलैहड़ से भाजपा में पहले से ही कई वरिष्ठ और युवा नेता आगामी विधानसभा चुनावों के प्रबल दावेदार माने जाते रहे हैं। ऐसे में टिक्का शिवेंद्र पाल की सक्रियता और संगठनात्मक जिम्मेदारी ने टिकट के समीकरणों को और अधिक जटिल बना दिया है। सूत्रों की मानें तो कोई दिल्ली में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, तो कोई शिमला के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय है। कुटलैहड़ की राजनीति अब एकरेखीय नहीं रही ।यह बहुकोणीय, प्रतिस्पर्धात्मक और अत्यंत दिलचस्प होती जा रही है। कांग्रेस की परछाईं, अब भाजपा के आंगन मेंकभी कांग्रेस में टिकट को लेकर आंतरिक खींचतान कुटलैहड़ की पहचान रही है। अब वही तस्वीर, बदले हुए रंग -रूप में, भाजपा में भी उभरती दिख रही है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार संघर्ष सत्ता से अधिक भविष्य की संभावनाओं और दीर्घकालिक निवेश को लेकर है।युवाओं से सीधा संवाद रोजगार की राजनीति का नया मॉडलराजनीतिक गतिविधियों से इतर टिक्का शिवेंद्र पाल ने कुटलैहड़ के युवाओं के बीच एक व्यावहारिक और भरोसेमंद संदेश दिया है। उन्होंने अपने पुस्तैनी घर, रायपुर मैदान स्थित महल में, एक प्रतिष्ठित कंपनी को आमंत्रित कर रोजगार शिविर का आयोजन करवाया। युवाओं को उनके ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना ।इस रोजगार शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और युवतियों ने भाग लिया। ठोस अवसरों और प्रतिष्ठित कंपनी की मौजूदगी ने यह विश्वास मजबूत किया कि राजनीति केवल भाषणों का मंच नहीं, बल्कि जमीनी बदलाव का माध्यम भी हो सकती है।टिक्का शिवेंद्र पाल ने साफ कहा कि भविष्य में भी ऐसी कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि कुटलैहड़ के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नजाना पड़े। आत्म- निर्भरता और अवसर आधारित विकास उनकी राजनीति की धुरी है। टिकट की सियासत ने पकड़ी रफ्तार राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा में टिकट की दौड़ अब औपचारिक रूप से शुरू हो चुकी है। हर कार्यक्रम, हर शुरुआत और हर बयान को संभावित उम्मीदवारी के चश्मे से देखा जा रहा है। संगठनात्मक पकड़, जनसंपर्क की गहराई और केंद्रीय नेतृत्व का विश्वासयही आने वाले समय में निर्णायक कारक होंगे। कुटलैहड़ अब खामोश नहींकुल मिलाकर, कुटलैहड़ की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। भाजपा के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी। टिक्का शिवेंद्र पाल इस बदलते राजनीतिक परिदृश्य में किस भूमिका में उभरते हैं, यह तो समय तय करेगा, लेकिन इतना स्पष्ट है कि उनकी एंट्री ने कुटलैहड़ की राजनीति को नई गति, नई भाषा और नया तेवर दे दिया है।अब कुटलैहड़ खामोश नहीं। यह अपनी कहानी खुद लिखने को तैयार है।

# धर्मपुर में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर, स्वस्थ जीवनशैली को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

जागो वर्ल्ड - ऊना / हरोली / सिमरन कौर

अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली द्वारा गांव धर्मपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 105 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 67 मरीजों के विभिन्न आवश्यक मेडिकल टेस्ट किए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के लिए अपनाई जाने वाली जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन, नियमित व्यायाम, रोजाना योग व प्राणायाम, साफ सफाई का ध्यान रखना, पर्याप्त नींद लेना तथा समय- समय पर




स्वास्थ्य जांच कराना अच्छे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही लोगों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई।शिविर में मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गईं। इस अवसर पर टीम सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार रुचि, मनीष ठाकुर व निहाल सिंह ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं साथ ही आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भी शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया।ग्रामीणों ने सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# भाजपा महिला मोर्चा जिला ऊना में आईटी प्रकोष्ठ की नई नियुक्तियां

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला ऊना की जिला अध्यक्ष श्रीमती अनु ठाकुर ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी, सुदृढ़ एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला आईटी प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां की गई हैं। इस क्रम में श्री नीलम शर्मा (विधानसभा ऊना) को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला ऊना का जिला आईटी संयोजक नियुक्त किया







गया है, वहीं श्रीमती अनिता चौधरी (विधानसभा चिंतपूर्णी) को जिला आईटी सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।जिला अध्यक्ष श्रीमती अनु ठाकुर ने दोनों नव- नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक गति- विधियों एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योज-नाओं को डिजिटल माध्यम से जन जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए महिला मोर्चा संगठन को नई दिशा एवं मजबूती प्रदान करेंगे।

# अंब औद्योगिक क्षेत्र में रैंप और औद्योगिक तकनीकों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




जागो वर्ल्ड - अम्ब / स्पर्श शर्मा

हिमाचल प्रदेश के अंब (ऊना) औद्योगिक क्षेत्र में रैंप (रेसिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस) पहल के अंतर्गत उद्योग 4.0 एवं आधुनिक डिजिटल तकनीकों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों एवं एमएसएमई प्रतिनिधियों, टेक्नोलॉजी पार्टनर्स एवं उद्योग विशेषज्ञों सहित लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीआईसी ऊना की महाप्रबंधक कमला देवी एवं अध्यक्ष गौतम ने की। इस अवसर पर रैंप डीटी प्रोजेक्ट को- ऑर्डिनेटर मीनाक्षी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज (MSMEs) को उद्योग 4.0 तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करना था, ताकि वे अपनी उत्पादकता, कार्यकुशलता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि कर सकें।डिजिटल तकनीकों से उद्योगों को मिलने वाले लाभों की जानकारी कार्यक्रम के दौरान सेल के सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट इलेयराजा सावरी मारियाराज ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, स्मार्ट मैन्युफेक्चरिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग, ईआरपी और सीआरएम सिस्टम जैसी डिजिटल तकनीकें एमएसएमई को सुव्यवस्थित बनाने, गुणवत्ता में सुधार करने, लागत कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।ओपन मार्केट एक्सेस के लिए एमएसएमई पोर्टल की जानकारी कार्यक्रम में एमएसएमई को रैंप अवेयरनेस कैंपेन के तहत पोर्टल के माध्यम से ओपन मार्केट एक्सेस प्राप्त करने हेतु पंजीकरण की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर ने ऊधमियों से आह्वान किया कि वे स्मार्ट तकनीकों को अपनाकर भविष्य के लिए स्वयं को मजबूत बनाएं, सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ उठाएं और सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए रैंप जैसी पहलों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा समर्थित रैंप पहल का उद्देश्य एमएसएमई इकोसिस्टम को सशक्त बनाना, टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन को बढ़ावा देना तथा उद्योगों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। इसके अलावा सत्र के दौरान रैंप के अंतर्गत उपलब्ध स्कीम्स, टूलकिट और सपोर्ट पैकेजिंग पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माइक्रो, स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज (MSMEs) को उद्योग 4.0 तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करना था,**

## हरोली में नई चेतना अभियान के तहत महिलाओं के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जागो वर्ल्ड -ऊना / हरोली / सिमरन कौर



लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध चलाए जा रहे 'नई चेतना अभियान के तहत विकास खंड हरोली में गुरुवार को महिलाओं के अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम हरोली विशाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता से ही एक सशक्त, समावेशी और विकसित समाज का निर्माण संभव है।यह कार्यक्रम दीन दयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत यूनाइटेड स्कूल स्तरीय संगठन, विकास खंड हरोली के सहयोग से पालकवाह ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने नुक्कड़ नाटक तथा गीत -संगीत के माध्यम से महिलाओं पर होने वाली हिंसा, लैंगिक असमानता एवं कानूनी अधिकारों को लेकर प्रभावशाली जागरूकता संदेश दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में एसडीएम विशाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की समान भागीदारी के बिना वास्तविक सामाजिक प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं को समान अवसर एवं अधिकार प्रदान करने तथा लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने पर विशेष बल दिया ।उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्रदान करता है। इसलिए आवश्यक है कि समाज का प्रत्येक वर्ग महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक बने, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों की पहचान कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सकें इस अवसर पर एनआरएलएम की डीपीएम ज्योति शर्मा ने स्वयं सहायता समूहों की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि एएसआई सुरेंद्र कुमार ने महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके कानूनी अधिकारों से संबंधित प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों ने लैंगिक समानता के समर्थन में शपथ ली तथा इसके उपरांत महिलाओं ने जागरूकता रैली भी निकाली। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार, यूनाइटेड स्कूल स्तरीय संगठन की प्रधान कमलेश कुमारी, एकता स्कूल स्तरीय संगठन की प्रधान दविंदर कौर पालकवाह के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप अग्निहोत्री, रजनीश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं आंग-नवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## ऊना नगर निगम में बिजली ढांचे का होगा व्यापक आधुनिकीकरण, वर्ल्ड बैंक योजना के तहत 20 करोड़ से सुदृढ़ होगी बिजली व्यवस्था

### 100 ट्रांसफार्मरों का उन्नयन/नए ट्रांसफार्मर होंगे स्थापित,11 केवी केबल बदली जाएंगी, वोल्टेज में होगा सुधार

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट




ऊना नगर निगम क्षेत्र में बिजली व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। वर्ल्ड बैंक पावर सेक्टर डेवलपमेंट स्कीम के तहत करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से शहर के विद्युत ढांचे को आधुनिक बनाया जाएगा।इस परियोजना के तहत शहर में करीब 100 ट्रांसफार्मरों का उन्नयन अथवा नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे, जिससे बिजली आपूर्ति अधिक निर्बाध, स्थिर व भरोसेमंद बनेगी।ऊना के अधीक्षण अभियंता विद्युत दर्शन सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 11 केवी केबलों का रिप्लेसमेंट एलटी (लो टेंशन) नेटवर्क में आवश्यक सुधार तथा अन्य तकनीकी उन्नयन कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्य अगले 6 से 8 महीनों के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद शहर में वोल्टेज में सुधार ट्रिपिंग व फॉल्ट की समस्या में कमी, क्षमता वृद्धि के साथ-साथ जर्जर व खतरनाक विद्युत ढांचे के सुधार में भी मदद मिलेगी। इसके तहत पुराने एवं असुरक्षित तारों तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर को हटाकर नई तकनीक आधारित सुरक्षित विद्युत व्यवस्था विकसित की जाएगी।नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इस परियोजना को शहर के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मजबूत बिजली ढांचा आधुनिक शहर की बुनियादी जरूरत है और यह योजना इस दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगी। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि आमजन को बेहतर से बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के पूर्ण होने से नगर निगम क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को बेहतर सेवा सुविधा उपलब्ध होगी।

## अम्बेहड़ा से धमांदरी सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही 31 दिनों तक रहेगी बंद,

### यातायात धमांदरी-नंगल सलांगड़ी-अमरोह वाया कुड्डू सड़क मार्ग पर डायवर्ट

जागो वर्ल्ड - तलमेहडा खड़ोह / रिंकू भारद्वाज




अम्बेहड़ा से धमांदरी सड़क मार्ग (किलोमीटर 0/000 से 8/300) पर वाहनों की आवाजाही 24 जनवरी से 23 फरवरी तक बंद रहेगी। इस दौरान यातायात को वैकल्पिक सड़क मार्ग धमांदरी- नंगल सलांगड़ी- अमरोह वाया कुड्डू पर मोड़ा गया है।उपायुक्त ऊना, जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के अंतर्गत यह आदेश जारी करते हुए कहा कि यह आदेश प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत अम्बेहड़ा से धमांदरी सड़क मार्ग के अपग्रडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को त्वरित और सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए हैं।उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

## लाख कोशिशें की पर बच नहीं सका 12 साल का मासूम हरमन

जागो वर्ल्ड - अम्ब / स्पर्श शर्मा



अंदौरा के मासूम बालक हरमन के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में उसने बोन-मैरो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते हुए अद्भुत साहस और धैर्य का परिचय दिया। हरमन की मुस्कान, उसकी हिम्मत और जीवन के प्रति उसका संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा रहेगा। इस कठिन समय में मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।इस दुःख की घड़ी में हम पूरी संवेदनाओं के साथ हरमन के परिजनों के साथ खड़े हैं।

## डीसी जतिन लाल ने गोविंद सागर झील क्षेत्र में जनसुरक्षा के मद्देनजर जारी की एडवाइजरी

जागो वर्ल्ड - तलमेहडा खड़ोह / रिंकू भारद्वाज



बंगाणा तहसील के तहत गोविंद सागर झील क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सुरक्षित सीमा से आगे जाकर जोखिमपूर्ण गतिविधियां किए जाने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डीसी ऊना जतिन लाल ने जनसुरक्षा के मद्देनजर एक एडवाइजरी जारी की है।जतिन लाल ने कहा कि निर्धारित सुरक्षित सीमा से आगे जाना अत्यंत जोखिमपूर्ण है तथा इससे दुर्घटना डूबने अथवा किसी अन्य गंभीर अनहोनी की आशंका बनी रहती है।उपायुक्त ने आमजन, स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे झील में अथवा झील के निकट निर्धारित सुरक्षित सीमा से आगे न जाएं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आग्रह किया कि वे बाहर से आने वाले लोगों एवं पर्यटकों को झील से जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करें तथा आवश्यक- तानुसार निगरानी रखें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों एवं पर्यटकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा।डीसी जतिन लाल ने कहा कि बिना अनुमति एवं उचित सुरक्षा उपकरणों के किसी भी प्रकार की एडवेंचर गतिविधियां न की जाएं तथा अनधिकृत नौकाओं, नावों, फ्लोटिंग उपकरणों का उपयोग बिल्कुल न किया जाए। उन्होंने केवल प्रशासन द्वारा अधिकृत गतिविधियों में ही भाग लेने की अपील की। इसके अतिरिक्त उन्होंने चेतावनी बोर्डों तथा प्रशासन, पुलिस, स्थानीय कर्मचारियों द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने को कहा ।उपायुक्त ने झील के किनारे फिसलन वाले, ढलानदार या कमजोर भू- भाग पर जाने से बचने तथा फोटोग्राफी, सेल्फी के दौरान जोखिमपूर्ण स्थानों पर न जाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने झील क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने और किसी भी प्रकार का कचरा जल में या आसपास न फेंकने की अपील की, ताकि फिसलन या अन्य खतरे उत्पन्न न हों।उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन, पुलिस को सूचित करें अथवा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपातकालीन नम्बर 01975-225045, 225046, 225049 पर संपर्क करें। उपायुक्त ने कहा कि यह एडवाइजरी जन सुरक्षा की दृष्टि से जारी की गई है तथा निर्देशों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## गगरेट में भाजपा की अंदरूनी राजनीति उजागर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष की त्वरित छुट्टी बनी गुटबाजी का प्रतीक

जागो वर्ल्ड - गगरेट / ज्योति स्याल

गगरेट विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की अंदरूनी राजनीति एक बार फिर सतह पर आ गई है। जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर रमन ठाकुर की नियुक्ति और फिर कुछ ही घंटों में उनकी बर्खास्तगी ने यह साफ कर दिया है कि क्षेत्रीय भाजपा लंबे समय से गुटबाजी और शक्ति संघर्ष से जूझ रही है। सूत्रों के अनुसार, रमन ठाकुर की नियुक्ति को एक खास गुट का समर्थन प्राप्त था, जबकि दूसरे प्रभावशाली गुट ने इसे अपने वर्चस्व को चुनौती मानते हुए तीखा विरोध दर्ज कराया। मंडल स्तर से लेकर जिला नेतृत्व तक दबाव बनाए जाने के बाद पार्टी को फैसला पलटना पड़ा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घटनाक्रम केवल एक पद की नियुक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन पर नियंत्रण की लड़ाई का संकेत देता है। मंडल अध्यक्ष के चुनाव से शुरू हुआ टकराव अब किसान मोर्चा जैसी अहम इकाई तक पहुंच चुका है। इस पूरे घटनाक्रम से जहां एक ओर कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी है, वहीं दूसरी ओर पार्टी की अनुशासित और संगठित छवि पर भी सवाल खड़े हुए हैं। राजेश ठाकुर समर्थकों में नाराजगी खुलकर सामने आई है, जिनका कहना है कि संगठन में निर्णय व्यक्ति नहीं बल्कि गुट तय कर रहे हैं हालांकि पार्टी नेतृत्व इसे संगठनात्मक विषय बताकर संतुलन साधने की कोशिश कर रहा है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे भाजपा की अंदरूनी कलह के रूप में देखा जा रहा है, जिसका असर आने वाले चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है।

## अम्ब में युवक पर जानलेवा हमला, जातिसूचक गालियां देने का आरोप, तीन नामजद

जागो वर्ल्ड - अम्ब / स्पर्श शर्मा

थाना अम्ब के अंतर्गत एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव अप्पर अन्दौरा, तहसील अम्ब, जिला ऊना निवासी कवि कुमार पुत्र श्री जीत कुमार ने थाना अम्ब में शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात जब वह अपने भाई के साथ घर लौट रहा था, तो रास्ते में तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया ।शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने रास्ते में रोककर जातिसूचक गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने उनसे सुबह बात करने की बात कही और घर की ओर बढ़ने लगे, तो आरोपियों ने मोटरसाइकिल रोककर पीछे से हमला कर दिया।पीड़ित का कहना है कि यदि उसका भाई मौके पर न होता, तो आरोपी उसे जान से मार सकते थे। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है, जिससे वह बेहद डरा हुआ है शिकायत में बताया गया है कि आरोपियों ने किसी नुकीली वस्तु से वार किया, जिससे पीड़ित के सिर और आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक के टांके भी लगाए गए हैं और उसका उपचार जारी है। पीड़ित द्वारा दिए गए बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान(1) शिव कुमार(2) जस्सी कुमार(3) श्याम लाल,निवासी गांव अंठवा, के रूप में हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अम्ब पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर लिया है और मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का 54वां स्थापना दिवस सेवा भाव के साथ मनाया गया

### पत्रकार साथियों के साथ खड़ा रहना संगठन का दायित्व: आर्य

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ / जतिंदर शर्मा



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, हिमाचल प्रदेश द्वारा एक सेवा- प्रधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन ने पत्रकारिता के मूल्यों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को भी प्राथमिकता देते हुए सामाजिक दायित्व निभाने की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पत्रकार रिंकू भारद्वाज जिनकी हाल ही में टांग का ऑपरेशन हुआ है, को प्रेस क्लब बंगाणा की ओर से 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह सहयोग प्रेस क्लब बंगाणा एवं नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में उनके आवास पर जाकर दिया गया इस अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का स्थापना दिवस केवल संगठन का उत्सव नहीं बल्कि पत्रकारिता की उस आत्मा को नमन करने का दिन है, जो सेवा, सत्य और संवेदना से जुड़ी है।उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और जब कोई पत्रकार कठिन समय से गुजरता है, तो उसके साथ खड़ा रहना संगठन का नैतिक और मानवीय दायित्व है। आर्य ने रिंकू भारद्वाज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष जोगिंद्र देव आर्य, जिला ऊना अध्यक्ष भारत भूषण, महासचिव स्पर्श शर्मा, प्रेस क्लब बंगाणा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर समेत क्लब अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर सेवा भावना के साथ पत्रकार एकता का संदेश दिया।

## बसंत पंचमी पर बिल्लू दी तलाई में हवन व भंडारे का आयोजन



जागो वर्ल्ड - दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा

बसंत पंचमी का पावन पर्व क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने जगह -जगह हवन यज्ञ व भंडारों का आयोजन कर माँ सरस्वती की आराधना की इसी कड़ी में बिल्लू दी तलाई (नकड़ोह) में शिव मंदिर कमेटी की ओर से हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित साहिल शर्मा द्वारा विधिवत रूप से भगवान गणेश एवं माँ सरस्वती के पूजन से की गई, जिसके उपरांत हवन यज्ञ संपन्न हुआ ।इस अवसर पर मास्टर जोगिंदर, पप्पू जैलदार जगदेव ठाकुर, सुरेंद्र शर्मा, सतपाल सूद, सुनील ठाकुर हाकम, जगदीप सिंह, पम्मी, पूनम शर्मा, रेखा सहित अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने हवन में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित साहिल शर्मा द्वारा विधिवत रूप से भगवान गणेश एवं माँ सरस्वती के पूजन से की गई, जिसके उपरांत हवन यज्ञ संपन्न हुआसभी ने हवन में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती पर शहीद स्मारक गगरेट में श्रद्धांजलि कार्यक्रम



जागो वर्ल्ड - दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा

शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक गगरेट में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने नेताजी की प्रतिमा पर फूल मालाएं अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उपस्थित लोगों में मिठाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब के प्रधान मुनीष ठाकुर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी 1897 को कटक में जन्मे नेताजी ने भारतीय सिविल सेवा जैसी प्रतिष्ठित नौकरी को त्याग कर देश शामिल रहे, जिन्होंने सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से विदेशी धरती से अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी। प्रधान मुनीष ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेताजी का प्रसिद्ध नारा " तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' आज भी युवाओं में देशभक्ति और साहस की भावना भरने का कार्य करता है। इस अवसर पर समाजसेवी जींनत महंत, अशोक वैद, अमृतपाल सिंह, राजेश वैद, संदीप शर्मा, कलम कुमार, अमित सूद, मोहित बग्गा, शम्मी सिंहसहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया वसंत पंचमी पर्व

जागो वर्ल्ड - दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा



डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल में वसंत पंचमी का पावन पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले रंग की आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पूरे विधि- विधान से आयोजित हवन कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यार्थियों ने श्रद्धा भाव से हवन में आहुतियां अर्पित कर मां सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि एवं विवेक का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती चंचला देवी तथा प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा संस्कार एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, भजन एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिन्हें उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने सराहा। बच्चों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली अंत में विद्यालय परिवार द्वारा मां सरस्वती से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वसंत पंचमी का यह आयोजन विद्यालय में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश देता हुआ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

Editor .printer and publisher pankaj kumar on behalf , Kji mieda network una Himachal 174303 from publish M/S Danik bhaskar Crop.LTD.,malikpur.sirhind ,distt.,Fatehgarh Sahib, punjab and publish from jago times ,first ‡our saini market near joshi medical store old hoshiyarpur road teh.and distt.UNA दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र ऊना में ही होगा फोन नंबर 97362-23261,82610-88888 www.dainikjagoworld.com

## भारतीय जनता पार्टी के नव-निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को दी बधाई

जागो वर्ल्ड / अल्मोड़ा / गोविन्दरावत



भारतीय जनता पार्टी के नव- निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को भाजपा नेता, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं प्रमुख राज्य आन्दोलनकारी घन सिंह रावत ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा नेता, पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं प्रमुख राज्य आन्दोलनकारी घन सिंह रावत ने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन एक अनुभवी, ऊर्जा वान एवं दूरदर्शी नेतृत्व कर्ता हैं। जिनके नेतृत्व में पार्टी देशहित और जनहित के कार्यों को नई दिशा देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा केंद्र एवं राज्य स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारेगी तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। घन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा

## रानीखेत के जैनोली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक, करन माहरा ने किया भाजपा पर तीखा हमला




जागो वर्ल्ड / रानीखेत / गोविन्दरावत

अल्मोड़ा जिले की पर्यटन नगरी रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जैनोली में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक करन माहरा रहे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर अपने विचार साझा किए तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा प्रहार किया। कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था की बदहाली के साथ- साथ महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाएं और बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं, जो वर्तमान सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। पूर्व विधायक करन माहरा ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय कांग्रेस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्ता में आने पर कांग्रेस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ठोस और प्रभावी कदम उठाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि चुनावी जीत की नींव बूथ की मजबूती पर निर्भर करती है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करना होगा और कांग्रेस की नीतियों व विचारधारा को घर- घर तक पहुंचाना होगा। इस अवसर पर ग्राम प्रहरी जैनोली दयाल राम एवं दीपक कांडपाल ने करन माहरा के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में शेर सिंह फर्त्याल, बाग सिंह मेहरा, पूरन सिंह मेहरा, बचे सिंह बिष्ट, खुशाल सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान चमोली तारा सिंह फरतियाल, नर सिंह बिष्ट, पूर्व ग्राम प्रधान पिलखोली जयपाल सिंह, प्रेम टनवाल, पीताम्बर सिंह मेहरा, ललित मेहरा, मदन सिंह मेहरा, किशन राम, विक्की मेहरा, प्रताप सिंह मेहरा, महेंद्र टनवाल, दान सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह देव, विजय सिंह माहरा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, यूथ अध्यक्ष अंकिता पंत, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, प्रदीप रावत, हेमा मेहरा, प्रदीप मेहरा, इंद्रा रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा नेता खीमानंद जोशी ने नितिन नबीन को दी बधाई



जागो वर्ल्ड / अल्मोड़ा / ब्यूरोरिपोर्ट

भारतीय जनता पार्टी के नव- निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को भाजपा नेता खीमानंद जोशी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा नेता खीमानंद जोशी ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चयन पार्टी के लिए एक मजबूत नेतृत्व को दर्शाता है। उनके कुशल संगठनात्मक अनुभव एवं दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी देशभर में और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्र निर्माण, विकास एवं जनकल्याण की नीतियों को और गति देगी। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा आने वाले समय में उनके मार्गदर्शन में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर ने कोतवाली कीर्तिनगर का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

जागो वर्ल्ड/ कीर्तिनगर / भगवानसिंह



क्षेत्राधिकारी नरेंद्र नगर सुरेंद्र सिंह भंडारी द्वारा कोतवाली कीर्तिनगर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ- सफाई, प्रशासनिक कार्य, अभिलेखों, मालखाना, सुरक्षा व्यवस्था, CCTV कैमरों तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों का अवलोकन किया। क्षेत्राधिकारी ने अस्लाह, दंगारोधी उपकरण एवं अन्य सरकारी संपत्ति का भौतिक सत्यापन करते हुए कर्मचारियों को रख- रखाव एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन के निर्देश दिए। साथ ही C C T N S के अंतर्गत रिपोर्ट एवं अभिलेखों को समय पर अद्यतन रखने, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण तथा जनसुनवाई को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान महिला अपराधों में त्वरित कार्रवाई, बीट पुलिसिंग, रात्रि गश्त एवं बाजार क्षेत्रों में चेकिंग बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। अंत में उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सहित सभी उपनिरीक्षक, चौकी प्रभारी एवं कोतवाली के समस्त अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण ढोल-दमाऊ लेकर पहुँचे तहसील कीर्तिनगर, जल संस्थान- जल निगम साथ सभी जिला प्रशासन को जगाने उतरे लोग,

जागो वर्ल्ड/ कीर्तिनगर / भगवानसिंह



टिहरी गढ़वाल के देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र हिसरियाखाल एवं अकरी पट्टी क्षेत्र में लंबे समय से बने पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गुरुवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने ढोल-दमाऊ के साथ नारेबाजी करते हुए कीर्तिनगर तहसील का घेराव किया। इस दौरान पेयजल योजनाओं का कार्य शीघ्र शुरू करने तथा गांवों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। करीब पांच घंटे से अधिक समय तक चले प्रदर्शन के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीण वापस लौटे। पेयजल संघर्ष समिति हिसरियाखाल के अध्यक्ष पितांबर दत्त बलूनी ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से गंभीर पेयजल संकट से जूझ रही है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन शासन- प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे महिपाल बुटोला ने कहा कि लक्ष्मोली - हड़ीम की धार पेयजल योजना से जलापूर्ति नहीं हो रही है और न ही योजना का पुनर्गठन मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। तहसील प्रशासन की मध्यस्थता में जल निगम ने पांच फरवरी तक लक्ष्मोली- हड़ीम की धार पेयजल योजना को पूर्ण रूप से संचालित करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण लौटे। नायब तहसीलदार प्रदीप कंडारी ने बताया कि हिसरियाखाल एवं लक्ष्मोली क्षेत्र के ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर तहसील पहुंचे थे। संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की वार्ता कराई गई है। जल निगम द्वारा पांच फरवरी तक लक्ष्मोली- हड़ीम की धार पेयजल योजना को पूर्ण रूप से संचालित करने का आश्वासन दिया गया है। मौजूद रहे अंजली देवी, जिला पंचायत सदस्य थाती- डागर; पीतांबर दत्त बलूनी, अध्यक्ष (पेयजल समिति);सुरेन्द्र बंगवाल, सचिव (पेयजल संघर्ष समिति); ग्राम प्रधान जखेड श्री बलबीर सिंह पंवार, ग्राम प्रधान गवाणा श्री राजेंद्र सिंह राणा, ग्राम प्रधान उमरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य बरसोली, गौरव राणा, संयोजक डागर पट्टी संघर्ष समिति, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजयुमो उत्तराखंड, पूर्व मंडल महामंत्री भाजयुमो कीर्तिनगर, महिपाल सिंह बुटोला, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष टी०जी०, पूर्व जिला पंचायत सदस्य थाती- डागर, राम प्रकाश, पूर्व महासचिव गढ़वाल विश्वविद्यालय, जिला पंचायत प्रतिनिधि सूरज दास, तथा समस्त क्षेत्र के प्रधानगण एवं समाजसेवी रामदयाल।

## श्री राम सेवक सभा रामलीला समिति के तत्वावधान में तीन दर्जन से अधिक बटुकों का किया गया उपनयन संस्कार धारण करवाई जनेऊ



जागो वर्ल्ड / नैनीताल / ललितजोशी

सरोवर नगरी नैनीताल के श्री राम सेवक सभा, रामलीला मैदान में बसंत पंचमी पर्व पर राम सेवक सभा के तत्वावधान में तीन दर्जन से अधिक बटुकों का उपनयन जेनऊ संस्कार किया गया। जिसमें आचार्य भगवती प्रसाद जोशी ने पूजा अर्चना करवाने के बाद सभी बटुकों को जनेऊ धारण करवाई। श्री राम सेवक सभा रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क बटुकों का जनेऊ संस्कार करवाया गया। जनेऊ संस्कार से पूर्व रामलीला मंच को रंग रोबन कर पतंगी एवं झंडों व विधुत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। आज सुबह से ही जबकि सरोवर नगरी व उसके आसपास मौसम खराब होने के बाबजूद भी बटुकों व उनके परिवार के साथ साथ समिति सदस्यों का जमावड़ा लगा रहा। जनेऊ संस्कार यज्ञ को सफल बनाने के लिए राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महामंत्री जगदीश बवाड़ी, डॉक्टर ललित तिवारी, प्रबंधक विमल चौधरी, ललित साह, कैलाश बोरा आशु, गिरीश भट्ट, मोहित लाल साह, एडवोकेट मनोज साह, हीरा रावत, गोविंद सिंह, आनंद सिंह बिष्ट समेत तमाम लोग सहयोग कर रहे हैं।

## धर्मशाला में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का सरकार पर सीधा प्रहार”

जागो वर्ल्ड/ धर्मशाला/ राकेशकुमार



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर अब तक का सबसे आक्रामक हमला बोलते हुए प्रदेश की राजनीति में नया भूचाल ला दिया है। ठाकुर ने बेहद गंभीर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उस 'वरिष्ठ नेता' के नाम का खुलासा करने की मांग की है, जिसने कथित तौर पर मुख्यमंत्री को धमकी दी है कि यदि उनके खिलाफ चल रही जांच नहीं रोकी गई, तो वे अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। नेता प्रतिपक्ष ने सुलगते हुए सवाल पूछे कि आखिर वह कौन प्रभावशाली चेहरा है जो विजिलेंस जांच से इतना तिलमिला गया है कि दिल्ली जाकर हाईकमान के सामने पार्टी छोड़ने तक की बात कह रहा है? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चूंकि पुलिस विभाग और विजिलेंस सीधे मुख्यमंत्री के अधीन हैं, तो यह स्पष्ट है कि डीजीपी ने उनकी सहमति के बिना जांच के आदेश नहीं दिए होंगे, उन्होंने कहा कि कांगड़ा का यह संस्थान शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से राज्य के युवाओं के भविष्य को संवारने में वरदान साबित हुआ है। एक तरफ जहां उन्होंने सरकार की आंतरिक कलह को उजागर किया, वहीं दूसरी ओर शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल की गौरवशाली यात्रा और संस्थान के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर विकास के एजेंडे को भी मजबूती से रखा।

### डोडा हादसे में वीर जवानों की शहादत पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने व्यक्त किया गहरा शोक

जम्मू- कश्मीर के डोडा में सेना के वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने की हृदय विदारक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्य ंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस भीषण हादसे में 10 से अधिक वीर जवानों का बलिदान राष्ट्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। जयराम ठाकुर ने हादसे में घायल हुए सैनिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कहा कि देश अपने इन वीर रक्षकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को सदैव कृतज्ञता के साथ स्मरण रखेगा।

## मोदी के 1 लाख युवाओं को राजनीति में लाने के आह्वाहन पर धर्मशाला से अनुराग सिंह ठाकुर शुरू करेंगे पहल

जागो वर्ल्ड/ धर्मशाला/ राकेशकुमार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के पैरोकार रहे हैं और विभिन्न मंचों से वो 1 लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में लाने की बात कह चुके हैं जिनके परिवार से कोई सक्रिय राजनीति का हिस्सा ना हो। कल भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पद पर निर्वाचन के बाद प्रधानमंत्री ने पुनः यह बात दोहराई। इसी के दृष्टिगत पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति, पॉलिसी, व नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से आगामी 23 जनवरी को धर्मशाला से एक लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में वरिष्ठ पत्रकारों, प्रतिष्ठित संस्थानों व जेन- जी इन्फ्लूएंसरों के साथ एक संवाद कार्यक्रम व भोजन बैठक करेंगे। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा “ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न मंचों से 1,00,000 युवाओं को राजनीति में लाने का आह्वान किया है। हिमाचल प्रदेश के युवाओं को राजनीति में लाने, पॉलिसी में उनकी समझ और विकसित करने, नेतृत्वकर्ताओं की अगली पीढ़ी तैयार करने व उनकी क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय भागीदारी को मजूबत करने के उद्देश्य से मैंने एक लीडरशिप फेलोशिप प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। यह लीडरशिप, फेलोशिप कार्यक्रम अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम है और इसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के हज़ारों युवाओं को समाज में सकारात्मक असर डालने के लिए आवश्यक कौशल, समझ व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। इसी क्रम में दिल्ली में भाजपा हिमाचल युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों के साथ सुखद भेंट के दौरान आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 1 लाख युवाओं लो राजनीति में लाने के विजन, सामाजिक जीवन में युवाओं की भागदारी बढ़ाने व युवाशक्ति की ऊर्जा को राष्ट्रनिर्माण में लगाने पर चर्चा हुई” अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा “हम इस कार्यक्रम को राजनीति कुशल, शासन दक्ष, नीतिपरक समझ व सामाजिक तौर पर संवेदनशील नेतृत्व की अगली पीढ़ी तैयार करने का माध्यम मान सकते हैं। यह कार्यक्रम समाज के लिए ज़िम्मेदार, समझदार और आत्मविश्वास से परिपूर्ण युवाओं को तैयार करने की दिशा में पहल है जो राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान दे सकें। यह प्लेटफॉर्म देश के युवाओं को सेवा कार्य, नेतृत्व और कौशल विकास के नए अवसर प्रदान कर रहा है। हिमाचल में युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लगाने के लिए व उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा अवसर उपलब्ध करने के लिए मैंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से सांसद खेल महाकुंभ, सांसद भारत दर्शन, एक से श्रेष्ठ जैसे कार्यक्रमों को गतिमान रखा है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक कामेश्वर शर्मा द्वारा निधि एंटरप्राइजेज, टुटू, शिमला 171011 से प्रकाशित तथा दुर्गा पेपर कन्वर्टर्ज़ तारादेवी से मुद्रित। दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नंबर 9857388888 ,01772800002, पोस्ट बॉक्स नंबर 123 दी मॉल शिमला 17001,email -jagohimachalpradesh@gamil.com,kameshwarshimla@gmail.com

## हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा कल गुरु गोरखनाथ जी के प्रकट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे जोगी धर्मशाला कुरुक्षेत्र



जागो वर्ल्ड/ कुरुक्षेत्र / अश्वनी वालिया

कुरुक्षेत्र में कल बसंत पंचमी एवं शिव अवतार गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस के अवसर पर जोगी धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जोगी धर्मशाला कुरुक्षेत्र द्वारा कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। धर्मशाला परिसर को सजाया गया है और श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संतों, गणमान्य लोगों एवं समाज के लोगों के पहुंचने की संभावना है। जोगी धर्मशाला के प्रधान सूरजभान योगी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि बसंत पंचमी एवं गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस जैसे पावन अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा धर्मशाला में पधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ नाथ संप्रदाय के महान योगी एवं शिव के अवतार माने जाते हैं और उनका प्रकट दिवस श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया जाता है। प्रधान सूरजभान योगी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री के समक्ष समाज से जुड़ी कुछ मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके साथ ही धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने 3 6 बिरादरी के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाएं और गुरु गोरखनाथ के प्रकट दिवस का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## राष्ट्रीय बॉक्स लंगड़ी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर लौटी जम्मू-कश्मीर टीम का भव्य स्वागत

जागो वर्ल्ड- जम्मू-कश्मीर/ नवीनपाल 10



जम्मू–कश्मीर एकेडमी ऑफ़ यूनिटी द्वारा चयनित बॉक्स लंगड़ी कबड्डी टीम ने महाराष्ट्र के शिरडी क्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय बॉक्स लंगड़ी कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता से लौटने पर जम्मू रेलवे स्टेशन पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु आयोजित इस स्वागत समारोह में जम्मू– कश्मीर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजीव चाढ़क, भाजपा बीजी सेल के प्रदेश संयोजक बसंत राज, सह- संयोजक रमेश कटोच, पूर्व पार्षद श्यामलाल वसन, डोगरा सभा के प्रधान कुलबीर सिंह, संजय बक्शी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजीव चाढ़क विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों में केवल प्रथम स्थान ही सब कुछ नहीं होता, बल्कि सहभागिता ही खेल की वास्तविक आत्मा है। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं और इस प्रकार के प्रयास खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री चाढ़क ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प नशा मुक्त भारत, सशक्त युवा है, जिसे साकार करने में खेलों की अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समस्या केवल परिवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक गंभीर चुनौती है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है और युवाओं को खेलों से जोड़कर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। टीम के कोच सुनील कुमार एवं इवेंट मैनेजर अजय कुमार से संवाद करते हुए श्री चाढ़क ने कहा कि खेलों से जुड़े किसी भी युवा को यदि किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, तो वह निःसंकोच संपर्क करे हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने जम्मू– कश्मीर के युवाओं से आह्वान किया कि वे ब्लॉक, जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जम्मू–कश्मीर को नशा मुक्त एवं खेल युक्त बनाने में योगदान दें।श्री चाढ़क ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य केवल जिला, प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जम्मू–कश्मीर का खिलाड़ी एशियन गेम्स और ओलंपिक तक पहुँचे, यही वास्तविक उद्देश्य है। यह प्रतियोगिता उस दिशा में पहली सीढ़ी है। खेल एक साधना है और जो खिलाड़ी इस साधना में सिद्ध होगा, वही आगे बढ़ेगा। उन्होंने जम्मू–कश्मीर के युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और प्रदेश का नाम रोशन करें।

## शिवसेना का खुले में मांस प्रदर्शन के खिलाफ अभियान, स्वास्थ्य से खिलवाड़, धार्मिक भावनाओं पर बताया कुठाराघात

जागो वर्ल्ड- जम्मू-कश्मीर/ नवीनपाल 10




मंदिरों के शहर जम्मू में खुले में दुकानों के बाहर मांस प्रदर्शनी, सनातनियों व धार्मिक पर्यटकों की धार्मिक आस्था पर कुठाराघात के साथ आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है, जिस पर पूर्ण विराम लगना चाहिए, यह कहना है शिवसेना ( यूबीटी) जम्मू-कश्मीर इकाई प्रमुख मनीश साहनी का। शिवसेना (यूबीटी) जम्मू कश्मीर इकाई प्रमुख मनीश साहनी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक दल ने ' मंदिरों के शहर में खुले में मांस बेचना बंद करो' का बैनर पकड़ जम्मू के गुज्जर नगर, ज्यूल चौक में मीट विक्रेताओं को बहुत नर्मी व अपने अंदाज से हटकर, नियमों का पालन करने व दुकानों के बाहर मास प्रदर्शनी नहीं किए जाने की हिदायत दी है। साहनी ने कहा कि जम्मू, पवित्र मंदिरों का शहर है। वही हिंदुओं के गुप्त पवित्र नवरात्र भी जारी है। ऐसे में खुले में मास बिक्री से सनातनियों व धार्मिक पर्यटकों की धार्मिक आस्था पर बडा़ कुठाराघात हो रहा है। साहनी ने कहा कि जम्मू के विभिन्न ईलाको से लोगों द्वारा खुले में मास बेचने व नगर निगम के आदेशों की धज्जियां उडाने की शिकायतें मिल रही थी। जिससे धार्मिक भावना आहत होने के साथ खुले में मांस बिक्री से संक्रमण फैलने का खतरा भी बना रहता है। साहनी ने मांस विक्रेताओं को नियमों का पालन करते हुए अपनी दुकान में काले कांच, जाली व पर्दा अनिवार्य रूप से लगाना, खुले रूप से मांस की बिक्री न करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में दुकान के बाहर मांस नहीं दिखना चाहिए। साहनी ने संबंधित विभागों से नजर बनाए रखने व उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई व बडा जुर्माना लगाने की मांग की है।

## नैनीताल व उसके आसपास मौसम का मिजाज बिगड़ने बढ़ रही है ठंड

जागो वर्ल्ड / नैनीताल / ललितजोशी



सरोवर नगरी नैनीताल व उसके आसपास आज मौसम वैज्ञानिक की सटीक भविष्य वाणी साबित होती जा रही है। जिस प्रकार से कहा गया था नैनीताल में भी मौसम का मिजाज बिगड़ा नजर आएगा। आज सुबह से ही आसमान में घने बादल मंडरा रहे थे साथ ही तेज हवाओं के झोंके पड़ रहे थे। जिसके चलते नैनीताल व आसपास बहुत भंयकर ठंड पड़ने लग गई और तापमान में भी भारी गिरावट नजर आ रही है। पर्यटक भी अपने होटल के कमरों में कैद हो गये हैं। नैनीताल भी सुनसान नजर आ रहा है पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोगों की भी आवाजाही बहुत कम हो रही है। झील भी सुनसान दिखाई दे रही है एक दो नाव चलती हुई नजर आ रही है। मौसम का मिजाज बिगड़ने से जंहा ठंड होनी शुरू हो गई है वही पर्यटक व स्थानीय लोग गर्म कपड़ों के सहारे देखे जा रहे हैं। अगर मौसम इसी तरह रहा तो देर शाम तक का बारिश व अच्छी बर्फबारी पड़ने की उम्मीद जताई जा सकती है। अगर बारिश व बर्फ नही पड़ती तो नैनी झील में पानी का जल स्तर कम हो जायेगा साथ ही जल श्रोत सभी आने वाले समय में सुख जायेंगे। पानी की किल्लत हो जाएगी। अभी नैनीताल झील में भी पानी की गिरावट लगातार देखी जा रही है।

## तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने बसंत पंचमी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया



जागो वर्ल्ड/ज्वाली/राजेशकतनोरिया

ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के तहत तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने बसंत पंचमी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया विद्यालय के किंडरगार्टन सेक्शन ने इस त्यौहार को बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया किंडरगार्टन सेक्शन के सभी बच्चे आज पीले रंग के कपड़े पहन कर विद्यालय आए हुए थे त्यौहार का शुभारंभ विद्यालय चेयरमै वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने माँ सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती जी की बंदना के साथ किया जिसमें सभी अध्यापकों ने भाग लिया उसके उपरांत बच्चों द्वारा नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया प्रधानाचार्य राकेश राणा ने नन्हे मुन्ने चैंपियन के साथ मिलकर बसंत पंचमी को मनाया और अपने संदेश में सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और कहा कि माँ सरस्वती की कृपा से आपके जीवन में ज्ञान, बुद्धि, सफलता और सुख-समृद्धि लेकर आए सभी बच्चों के जीवन में हर दिन नए अवसर और खुशियाँ लेकर आए।

## सगठनात्मक जिला नूरपुर के जवाली के कोटला मण्डल में जय राम ठाकुर ने ली परिचय बैठक




जागो वर्ल्ड/ज्वाली/राजेशकतनोरिया

संघठनात्मक जिला नूरपुर के जवाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला मंडल में परिचय बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संघटनात्मक जिला नूपपुर के अध्यक्ष राजेश काका ने की| इस उपलक्ष्य पर कांगड़ा चंबा प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की| उनके आने पर जवाली विधानसभा क्षेत्र के दोनों गुटों अर्जुन ठाकुर ब संजय गुलरिया के समर्थकों द्वारा अपने- अपने नेताओं की नारेबाजी करते हुए जम कर गुटबाजी दिखी| बही पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कुठेड़ी के निजी पैलेस में पहुंचने पर दोनों नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का जोरदार स्वागत किया| बही अर्जुन ठाकुर के काफ़ी संख्या में पहुंचे समर्थको ने अर्जुन ठाकुर का शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई तथा अर्जुन ठाकुर जिंदाबाद, जयराम ठाकुर जिंदाबाद, नेरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों से पूरा कुठेड़ क्षेत्र गूंज उठा| बता दें कि अर्जुन ठाकुर के काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने सिद्ध कर दिया कि आने वाले चुनाबो में अर्जुन ठाकुर भारी मतों से जीतेंगे| वही कांगड़ा चंबा प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा की सभी एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्य में लगे तथा पूरे जोश के साथ तथा पूरी लगन के साथ भारतीय जनता पार्टी के परचम को लहराने में अपनी अपनी भागीदार निभाएं उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों बूथ अध्यक्षों जिला के पदाधिकारी सभी मौर्चा के पदाधिकारी के साथ परिचय किया तथा सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के जीत का मंत्र दिया| इस मौके पर संघटनात्मक जिला अनूपपुर जिला अध्यक्ष राजेश काका, प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व चक्षु, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता दिनेश लिखल, राकेश बजावा, अंकुर बड़वार, प्रदीप शर्मा, अमित शर्मा, कबी ठाकुर, गोगी पठानिया, प्रवीण धीमान, तरसेम जट्ट आदि काफ़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी मौजूद रहे|

## दाड़ी में 26 जनवरी पर स्काउट के प्रोग्राम की अनुमति कैंसिल, धर्मशाला भाजपा ने बताया शर्मनाक

जागो वर्ल्ड / धर्मशाला / राकेशकुमार

हिमाचल की हॉट सीट धर्मशाला में एक बार फिर सियासत गरमा गई है। जिला प्रशासन ने दाड़ी में होने वाले गणतंत्र दिवस पर स्काउट के प्रस्तावित कार्यक्रम की अनुमति रदद कर दी है। इस कार्यक्रम में दिग्गज भाजपा नेता व धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा चीफ गेस्ट थे। भाजपा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के अफसरो को निशाने पर लिया है। इस बारे में धर्मशाला शहरी मंडल के अध्यक्ष डा विशाल नेहरिया और ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट भवनेश चौधरी ने बाकायदा बयान जारी किया है। दोंनों मंडल अध्यक्षों ने कहा है कि गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हर भारतीय के मान सम्मान की बात है, लेकिन प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कांग्रेस सरकार ने इसे भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम में आखिर मार्चपास्ट जैसी गतिविधियां ही तो होनी थी। कांग्रेस ने दिखा दिया है कि उसके मन में गणतंत्र दिवस जैसे गरिमामय समारोहों की कोई इज्जत नहीं है। हिंदोस्तान स्काउट एंड गाइड का दाड़ी वाला संस्थान युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कांग्रेस ने अनुमति रदद करके युवाओं के साथ छल किया है। यह देश की भावना के उलट काम है। जनता कांग्रेस नेताओं को माफ नहीं करेगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि पहले ही धर्मशाला का पक्ष कोई कांग्रेस नेता नहीं रख पा रहा है। कांग्रेस ने अपने तीन साल के कार्यकाल में धर्मशाला हलके को कई साल पीछे धकेल दिया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के नाम पर कांग्रेस ने जनता से धोखा किया है। अन्य सारे प्रोजेक्ट स्थानीय नेताओं की नाकामी से ठप हैं। जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

### अफसरों को नसीहत

भाजपा नेताओं ने कहा कि जिलाधीश जिला क अधिकारी के रूप में काम करने की बजाए कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। इससे पहले कांगड़ा कार्निवाल के नाम पर एक अधिकारी ने पंचायतों से पैसे मांगने के लिए मैसेज तक डाल दिए थे। पंचायतों में काम ठप हैं। आपदा प्रभावितों को कोई राहत नहीं मिली है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अधिकारियों को जनता के लिए काम करना चाहिए। जनता सर्वोपरि है।

## भाजपा नेता खीमानंद जोशी ने चाय विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट

जागो वर्ल्ड- सल्ट / गोविन्दरावत



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य खीमानंद जोशी ने मौलेखाल में उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह मेहरा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने स्याल्दे, देघाट, लाखोरी घाटी, सराईखेत, सल्ट एवं मानिला क्षेत्र में चाय बागान स्थापित किए जाने की मांग रखी। खीमानंद जोशी ने कहा कि सल्ट विधानसभा क्षेत्र में चाय बागान स्थापित होने से जहां एक ओर पलायन पर प्रभावी अंकुश लगेगा। वहीं स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जलवायु और भूमि चाय उत्पादन के लिए अत्यंत उपयुक्त है। इस अवसर पर चाय विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष महेश्वर सिंह मेहरा ने कहा कि राज्य सरकार चाय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सल्ट एवं आसपास के क्षेत्रों में चाय बागान की संभावनाओं का सर्वे कराया जाएगा और आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने पर उचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि चाय बागान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ- साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## पांवटा साहिब के फूलपुर में खुली होंडा की दूसरी एजेंसी विधायक सुखराम चौधरी ने किया शुभारंभ

जागो वर्ल्ड-पांवटा साहिब /जीडी शर्मा

पांवटा साहिब के फूलपुर क्षेत्र में आज होंडा की दूसरी दोपहिया वाहन एजेंसी का शुभारंभ पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, व्यापारी वर्ग और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि पांवटा साहिब एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है,



नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें यह सुविधा घर-द्वार पर उपलब्ध होगी। विधायक ने कहा कि अब तक कई लोग साइकिल से उद्योगों में जाने को मजबूर थे, लेकिन एजेंसी खुलने से बाइक और स्कूटी की उपलब्धता बढ़ेगी, इस एजेंसी में लोगों को बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी, जहां उच्च गुणवत्ता की बाइक और स्कूटी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि लोग यहां से भरोसेमंद और बेहतरीन क्वालिटी की स्कूटियां व बाइक ले दोनों की बचत हो सके।एजेंसी संचालक की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि यह खोलने की योजना है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों के लोगों को भी इसका लाभ मिल सके।

## बारिश और बर्फबारी का दौरा पूरे प्रदेश के लिए संजीवनी बूटी लेकर आया



जागो वर्ल् मंडी / सचिन शर्मा

हिमाचल में जारी बारिश और बर्फबारी का दौरा पूरे प्रदेश के लिए संजीवनी बूटी लेकर आया है। जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने कहा कि बीते 3 महीनों से पूरा हिमाचल सूखे के दौर से गुजर रहा था। इस कारण कई फसलों की बिजाई प्रभावित हुई थी। लेकिन प्रदेश में मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार बारिश और बर्फबार का दौर शुरू हो गया है। यह बारिश और बर्फबारी विभिन्न फसलों के लिए संजीवनी का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जारी सूखे के दौरे के कारण बिजाई किए गए क्षेत्र प्रभावित हो रहे थे। इस बारिश से फसल उत्पादन में इजाफा होगा। बागवानी को लेकर बारिश और बर्फबारी काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। हिमाचल के ऊपरी क्षेत्रों की मुख्य फसल सेब के लिए जारी चिलिंग आवर्स को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। पंकज सूद ने कहा कि इस बारिश से फसलों को निश्चित तौर पर नमी मिलने से उत्पादन की कमी को पूरा करने के लिए एक बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गेंहू बिजाई का समय बीत जाने के कारण बिजाई वाले क्षेत्रों में अभी बारिश और बर्फबारी का दौर आगामी 24 से 36 घंटों तक चलने वाला है।

## आपदा में गिरा श्मशान घाट, डीसी के दरबार पहुंचे ग्रामीण श्मशानघाट गिरने से अंतिम संस्कार में आ रही दिक्कत

जागो वर्ल्ड- हमीरपुर/सुमित ठाकुर



ग्राम पंचायत बस्सी झनियारा के अंतर्गत आने वाले कई गांवों का श्मशान घाट हालिया आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त होकर पूरी तरह गिर गया है। श्मशान घाट के जमींदोज होने से ग्रामीणों को शवों के अंतिम संस्कार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम साफ रहने पर तो किसी तरह नजदीक ही अंतिम संस्कार कर लिया जाता है, लेकिन बारिश होने की स्थिति में शवों को अन्य गांवों के श्मशान घाट तक ले जाना मजबूरी बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि यह श्मशान घाट काफी पुराना था और हर बरसात में यहां नुकसान की आशंका बनी रहती थी। इस बार लगातार बारिश के चलते यह आपदा की भेंट चढ़ गया। प्रभावित गांवों में रियालड़ी, मौदन, खैंडा, लंकूई और रकड़याल शामिल हैं। बरसात के दिनों में शवों को दूर ले जाकर दाह संस्कार करना ग्रामीणों के लिए चुनौतीपूर्ण और पीड़ादायक साबित हो रहा है। वहीं स्थानीय ग्रामीण पवन कुमार राणा ने बताया कि श्मशान घाट गिरने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन सहयोग करता है तो सुरक्षित स्थान पर नए श्मशान घाट का निर्माण शीघ्र किया जा सकता है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को एकजुट होकर उपायुक्त हमीरपुर से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की कि श्मशान घाट की जगह को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा नए श्मशान घाट के निर्माण के लिए बजट उपलब्ध करवाया जाए। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर निर्माण के लिए 60 हजार रुपये की राशि भी एकत्रित कर ली है।

## हज़ारों में एक बनना आसान नहीं होता,एम्स का डॉक्टर होना हर किसी के बस का नहीं

जागो वर्ल्ड चंबा/ काकू खान



जिला चम्बा के दुर्गम क्षेत्र के छोटे से गाँव से निकली एक बेटी जिसमे अपने माता पिता के साथ साथ अपने क्षेत्र का नसमे रोशन किया है । जी बात कर रहे है डॉक्टर कविता शर्मा की जिन्होंने अपने सपने को आज सच कर दिया है । डॉक्टर कविता शर्मा का सपना था कि बो अगर लोगो की सेवा करे तोह देश के सबसे बड़े संस्थान दिल्ली एम्स मे करे । आज ये सपना डॉक्टर कविता ने पूरा कर लिए है और दिल्ली के एम्स मे अपनी सेवा देने पहुँच गयी है । इससे पहले डॉक्टर कविता शर्मा हिमाचल काँगड़ा स्थित टांडा मेडिकल कॉलेज में एम बी बी एस की और चम्बा मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवा दे रही थी । डॉक्टर कविता शर्मा ने कहा की इसके लिए बह अपने माता पिता गुरुजनों को इस उपलब्धि का श्रेय देती है की उनके आशीर्वाद से आज अपनी मंजिल तक पहुँच पाई है। आपको बता दे की कविता शर्मा बचपन से ही टॉपर रही है राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चम्बा दसवीं मे 96% ग्यारहवीं व बारहवीं में इन्होने मेडिकल व नॉन मेडिकल की पढ़ाई शुरू की और बारहवीं कक्षा में मेडिकल और नॉन मेडिकल में 94% लाई । दसवीं व बारहवीं में डॉक्टर कविता शर्मा को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दो बार लैपटॉप और स्काल रशिप भी मिल चुकी है । उसके बाद इन्होने नीट जैसे कई एग्जाम क्लियर कर एम बी बी एस को चुना । इनके पिता मघा राम टी जी टी अध्यापक है और माता गृहणी है । डॉक्टर कविता शर्मा बताती है की उनके भाई भारत के नंबर 1 इंस्टिट्यूट NISER Bhubneshwar से साइंटिस्ट की पढ़ाई कर रहे है । आपको बता दे की हिमाचल एकता मंच द्वारा डॉक्टर कविता को शान ए भारत राष्ट्रीय सम्मान 2023 व बेटियां फाउंडेशन की तरफ से भी नेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 में मिला है जिसके लिए वह हिमाचल एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीप लाल भारद्वाज का शुक्रिया करती है । आपको बता दे की डॉक्टर कविता डॉक्टर के साथ साथ एक मल्टीटैलेंट लड़की है दुर्गम क्षेत्र पांगी से निकली लड़की सबके लिए प्रेरणा है । जोश टास्क स्पीकर भी रह चुकी है इसके अलावा वो हारमोनियम भी प्ले करती है । सोशल मीडिया की बात करे तोह डॉक्टर कविता नाम से यूट्यूब चैनल भी चलती है । जिसमे बो बच्चो और महिलाओ को मोटिवेट करती है । इसके अलावा उन्हें हमीरपुर, चम्बा, पांगी कॉलेज में स्पीकर के रूप में भी बुलाया गया है । डॉक्टर कविता 24 साल की उम्र की है और समाज के लिए प्रेरणादायक है

## भू-जोत की मंजूरी मिलने पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, रक्षा मंत्री तथा केंद्र सरकार का आभार व्यक्त



जागो वर्ल्ड-कुल्लू /प्रिया शर्मा

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में भू- जोत की मंजूरी मिलने पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्य मंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, रक्षा मंत्री तथा केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। कुल्लू में जारी बयान में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह मंजूरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निरंतर प्रयासों और सकारात्मक पहल के चलते संभव हो पाई है।उन्होंने कहा कि भू- जोत की मंजूरी से क्षेत्र के लोगों, सेना को बड़ी राहत मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार और रक्षा मंत्रालय के समक्ष मजबूती से रखा, जिसके परिणाम स्वरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस मंजूरी से कुल्लू सहित संबंधित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आम जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा।

## विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में गत रात से झमाझम बारिश का और ठंडी हवाओं का दौर जारी



जागो वर्ल्ड-बिलासपुर/सुभाष चंदेल

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में गत रात से झमाझम बारिश का और ठंडी हवाओं का दौर जारी हो गया है हालांकि आजकल गुप्त नवरात्रि चल रहे हैं और आज पांचवा गुप्त नवरात्र हैं लेकिन बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम भी जारी है हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में गत रात से झमाझम बारिश का और ठंडी तेज हवाओं का दौर जारी हो गया है हालांकि आजकल गुप्त नवरात्रि चल रहे हैं और आज पांचवा गुप्त नवरात्र हैं लेकिन बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम भी जारी है वी।ओहालांकि गत रात से ही माता श्री नैना देवी के दरबार में ठंडी तेज हवाएं चल रही है जिसके चलते स्थानीय दुकानदारों ने श्रद्धालुओं के लिए अंगीठी कि ब्यबस्था कि हैं इस ठंड में दुकानदार आग सेक कर अपना गुजारा कर रहे हैं जबकि इस बारिश से किसान और बागवान भी खुश है उन्हें अब अपनी फसल बढ़िया होने की उम्मीद है माता के दर्शनों के लिए पहुँचे श्रद्धालुओं का कहना है की माता श्री नैना देवी के दरबार में तेज बारिश का दौर जारी है लेकिन उसके बावजूद श्रद्धालु माता के दरबार में लगातार पहुंच रहे हैं

## पुलिस-प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी घरों में रहने की अपील

जागो वर्ल्ड-कुल्लू /प्रिया शर्मा



पुलिस -प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी, घरों में रहने की अपीलजिला कुल्लू के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में मौसम के अचानक बिगड़ने से भारी हिमपात, बारिश, आंधी- तूफान और व्हाइट आउट जैसी स्थिति बन गई है। मनाली, जीभी घाटी, तीर्थन घाटी, सैंज घाटी और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फ़बारी के कारण कई संपर्क सड़कें बंद हो गई हैं। सड़कों पर अत्यधिक फिसलन और कम दृश्यता के चलते दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।मौसम की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मीडिया के माध्यम से आम जनता और पर्यटकों से अपील की है कि वे अपने घरों या होटलों में ही सुरक्षित रहें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। मौसम सामान्य होने तक तीर्थन घाटी, सैंज घाटी, जीभी, मनाली तथा आसपास के ऊँचाई वाले मार्गों और गाँवों में सभी प्रकार की साहसिक गतिविधियों और गैर-ज़रूरी यात्रा से बचने की सलाह दी गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यात्रा से पहले स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य लें, केवल सुरक्षित ठहराव स्थलों पर ही रहें, प्रशासन, पुलिस और रेस्क्यू एजेंसियों के निर्देशों का पालन करें तथा बर्फ़ीले इलाकों में केवल गूगल मैप्स पर निर्भर न रहें। साथ ही लोगों से पहाड़ों की परिस्थितियों को समझने और सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। राहत की बात यह है कि रघुपुर फ़ोर्ट में फँसे पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के लिए स्थानीय लोगों की एक टीम मौके पर पहुँच चुकी है। उम्मीद जताई जा रही है कि सभी पर्यटकों को शीघ्र ही सुरक्षित स्थान पर पहुँचा लिया जाएगा। प्रशासन और पुलिस स्थिति पर लगातार नज़र बनाए हुए हैं और आमजन से सहयोग की अपील की गई है।

# हिमाचल



## खत्म हुआ सुखे की दौर आखिर कुदरत हुआ मेहरबान



जागो वर्ल्ड लाहौल-स्पिति / रजीत सिंह

खत्म हुआ सुखे की दौर। आखिर कुदरत हुआ मेहरबान,,लाहौल स्पीति मे सीजन की पहली बर्फ बारी । बर्फ बारी होने से लाहौल घाटी के किसान हुए गदगद। जहां भी नजर वहां दौडाओ । वहां सीजन की पहली स्नो फाॅल नजर आ रही है। हालांकि सुबह के समय है तेज हवाओं के साथ बर्फ बारी हो रही है समूचे लाहौल घाटी बर्फ की सफेद चादर से ढक गया है। साऊथ पोर्टल में लगभग 5 से 6 इंच बर्फबारी हुई । जिस तरह मौसम विभाग द्वारा अनुमान जताई है । बर्फ बारी के दौर शुरू हो चुका है । जहां लाहौल घाटी के किसान की महीनों से बर्फ बारी का इंतजार कर रहे हैं। आखिर वह इंतजार अब खत्म हुआ

## अध्यापक का पद लंबे समय से रिक्त, अभिभावकों में रोष मामले को लेकर मिले जिला उपायुक्त और शिक्षा उपनिदेशक एलीमेंट्री

जागो वर्ल्ड- बिलासपुर/ सुभाष चन्देल



शिक्षा खंड घुमारवीं द्वितीय के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला हवाण में एक जेबीटी अध्यापक का पद बीते लगभग दो वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ है। विद्यालय में वर्तमान में 1 0 0 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन अध्यापक की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन समिति का कहना है कि शिक्षक के अभाव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना मुश्किल हो गया है, जिससे सरकारी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। समिति का यह भी कहना है कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के नामांकन में गिरावट आ सकती है, क्योंकि मजबूरीवश अभिभावक अपने बच्चों को निजी शिक्षण संस्थानों में दाखिल कराने को विवश होंगे।विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि इस समस्या को लेकर पिछले दो वर्षों से शिक्षा विभाग को लगातार अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला हवाण में रिक्त जेबीटी अध्यापक के पद को शीघ्र भरकर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए। इसी को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप सहित सदस्य नेहा रानी, किशोरी लाल, नीलम कुमारी, रीता देवी, अंजना कुमारी, दिनेश कुमारी, आरती देवी, बबिता कुमारी, अनीता कुमारी, मधु देवी, रेखा कुमारी तथा अनिल कुमार ने उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार एवं उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर पाठशाला में स्थायी जेबीटी अध्यापक की नियुक्ति की मांग की। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बढ़ती छात्र संख्या को देखते हुए विद्यालय में एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष की भी मांग रखी। जिला उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा किराजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला हवाण की समस्याओं को गंभीरता से लिया गया है। अध्यापक की नियुक्ति और अतिरिक्त कमरों की मांग को संबंधित विभाग के समक्ष भेज दिया गया है मांग पर भी शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

## मंडी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात शुरू प्रशासन ने जारी की सख्त चेतावनी





जागो वर्ल्ड मंडी / सचिन शर्मा

मंडी जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज मौसम ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है और सुबह से ही चोटियों पर बर्फबारी का दौर जारी है। इस ताजा हिमपात के कारण समूचे जिले में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। खराब मौसम और बर्फबारी की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से एडवाइजरी जारी कर दी है। प्रशासन ने स्थानीय जनता और बाहरी क्षेत्रों से आए पर्यटकों को सख्त हिदायत दी है कि वे आने वाले कुछ दिनों तक ऊंचाई वाले संवेदनशील क्षेत्रों की ओर जाने से पूरी तरह परहेज करें।अधिकारियों का कहना है कि बर्फबारी के कारण सड़कों पर फिसलन और भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए लोग सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। प्रशासन ने सभी विभागों को भी अलर्ट पर रखा है ताकि बर्फबारी की वजह से बंद होने वाले रास्तों और अन्य जरूरी सेवाओं को जल्द बहाल किया जा सके। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले समय में बर्फबारी की तीव्रता और बढ़ सकती है, जिसके चलते लोगों से बेहद सतर्क रहने की अपील की गई है।

## स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में महिला मण्डलों का उग्र प्रदर्शन



जागो वर्ल्ड- ज्वाली/ राजेश कलोरिया

स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाने के खिलाफ विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। जिला काँगड़ा के अंतर्गत लंज क्षेत्र में महिला मंडलों व पंचायतों की सैंकड़ों महिलाओं ने रैली निकाल सरकार के स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना दरअसल बिजली बोर्ड के निजीकरण की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली वितरण के लिए निजी कंपनियों को लाइसेंस दिए जाएंगे। इससे बिजली जैसी मूलभूत सुविधा पर आम जनता का नियंत्रण खत्म हो जाएगा और कंपनियों की मनमानी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कीम को शुरू करने से पहले पंचायतों में आम सभा करके बताया जाता है लेकिन स्मार्ट मीटर लगाने के बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी गई । महिलाओं ने कहा कि हिमाचल के बहुत से लोग ऐसे है जिन्हें स्मार्ट फोन चलाना नहीं आता या यूं कहे कि गरीबी के कारण लोग अपना एक महीने में बिल देने को भी मजबूर होते है इसे में स्मार्ट मीटर से उन लोगों की बिजली छीनी जा रही है।

## चार महीनों के अंतराल के बाद समूचे चंबा जिले में आजबारिश और उसके बाद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर





जागो वर्ल्ड-चंबा /काकू खान

चार महीनों के अंतराल के बाद समूचे चंबा जिले में आजबारिश और उसके बाद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हो रही इस बारिश और बर्फबारी ने किसानों और बागवानों के चेहरों पर रंगत ला दी है। बताते चले चंबा जिले के अंतर्गत पड़ने वाले पर्यटक स्थल डलहौजी, खजियार, डेनकुंड, लकड़मंडी , जनजातीय क्षेत्र भरमौर, पांगी घाटी, और चुराह इत्यादि इलाकों में देर रात से बारिश और बर्फबारी हो रही है। बताते चले कि पर्यटक स्थल डलहौजी और खजियार में अभी तक दो से तीन इंच बर्फबारी हो चुकी है जबकि जनजातीय क्षेत्र भरमौर होली के उतराला पांगी घाटी के साचपास में चार से 6 , इंच तक बर्फबारी होने का समाचार प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर देखने को मिला है कि पिछले चार महीनों से चंबा जिला जोकि सूखे की चपेट में घिरा हुआ था देर रात हुई बारिश और बर्फबारी के बाद आज मौसम खिल गया है। जिसको देखकर बागवानों के साथ किसानों और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर छा गई है।

## पर्यटन नगरी मनाली में विंटर सीजन की पहली बर्फबारी चारों तरफ़ बिछ गई है सफ़ेद चादर





जागो वर्ल्ड-कुल्लू / प्रिया शर्मा

पर्यटन नगरी मनाली में आज सुबह से इस विंटर सीजन की पहली बर्फबारी शुरू हो गई है, जिससे पूरी घाटी में बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है, जहां देखो बर्फ ही बर्फ नज़र आ रही है। गोरतलव है की इस बर्फबारी के लिए कुल्लू वासी लम्बे समय से इंतज़ार कर रहे थे, वीते तीन महीनों से प्रदेश के अधिकतर इलाकों में बारीश वा बर्फबारी नहीं हुई थीं जिस कारण जबरजस्त सूखा पड़ा हुआ था, किसान वागबान फसलों में नमी नहीं होने के कारण परेशान थे, पर अब इस बारीश बर्फबारी से उन्होने राहत की सांस ली है। इसके इलावा बर्फबारी होने से अब यहाँ का पर्यटन कारोवर को भी गति मिलेगी। आने बाले दिनों में पर्यटक कुल्लू मनाली की ओर ज्यादा संख्या में रुख करेंगे जिससे यहाँ का कारोवर चमकेगा।



## सड़क दुर्घटना में मौत होने पर 15 दिनों में देनी होगी एक्सग्रेशिया राशि, एसडीएम की जिम्मेदारी तय

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर



जिला शिमला में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सड़क सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में सड़क सुरक्षा समिति का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया गया है। यह फैसला आज यहां उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया। यह सड़क सुरक्षा समिति अब हर एसडीएम के नेतृत्व में उपमंडल स्तर पर कार्य करेगी। इस समिति में सभी एक्सईन, डीएसपी व अन्य हितधारक शामिल किए जाएंगे। पहले केवल जिला स्तर पर ही सड़क सुरक्षा समिति होती थी। लेकिन लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित एवं जागरूक करने के लिए इसे उपमंडल स्तर तक सक्रिय किया जाएगा ताकि लोगों को यातायात नियमों, सड़क दुर्घटनाओं से बचने और गोल्डन आर्वस में घायलों की मदद करने में अग्रणी भूमिका निभाने पर कार्य किया जा सके। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की वजह से मृत्यु होने पर चार लाख रूपए एक्सग्रेशिया राशि 15 दिनों के भीतर जारी करनी होगी। इसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से संबधित क्षेत्र के एसडीएम की होगी। एसडीएम को 1 5 दिनों के भीतर एक्सग्रेशिया प्रभावितों तक पहुंचाने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बहुत से मामलों में लोगों को कई- कई दिनों तक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसके साथ ही जिला भर से सड़क दुघटनाओं के शिमला के अस्पतालों में रैफर होकर आने वाले घायलों को वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान करने के लिए एसडीएम शहरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभावित एसडीएम शहरी के कार्यालय से सीधा संपर्क कर सकते हैं ताकि प्रभावितों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी 2026 व्यापक अभियान चला रहा है। यह अभियान जन जागरूकता बढ़ाने, नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सभी गतिविधियाँ शिमला शहर और पूरे जिला में समन्वय से आयोजित की जा रही हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सुरक्षा का संदेश पहुँचाया जा सके। इसमें सड़क सुरक्षा शपथ, विशेष निरीक्षण अभियान, नशे में गाड़ी चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना , हेलमेट और सीट- बेल्ट का पालन, लेन अनुशासन पर केंद्रित जागरूकता कार्यक्रम स्कूलों, कॉलेजों, टैक्सी व बस चालकों और आम जनता के लिए कार्यशालाएँ, नुक्कड़ नाटक और सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, स्वयंसेवकों की भागीदारी के लिए सड़क सुरक्षा स्वयंसेवकों की पहचान और प्रशिक्षण चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसके अतिरिक्त, गुड समैरिटन प्रोत्साहन योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडकारी पंकज शर्मा सहित अन्य हितधारक भी मौजूद रह क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विश्व मोहन देव चैहान ने बताया कि राज्य में वर्ष 2 0 2 5 में कुल 1920 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई। इनमें 7 8 9 लोगों की मौत हुई जबकि 3 0 3 0 लोग घायल हुए। इस दौरान जिला शिमला में 268 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इसमें 1 0 2 लोगों की मौतें हुई और 4 3 6 लोग घायल हुए। जिला में सड़क दुर्घटनाओं में टाॅप पांच के पुलिस थाने . है, जिनमें पहले स्थान पर बालूगंज थाना के तहत 4 0 सड़क दुर्घटनाएं हुई और 1 0 लोगों की मौत हुई। दूसरे नंबर पर रोहड़ू थाना के अंतर्गत 33 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 8 मौतें हुई। न्यू शिमला थाना के तहत 21 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 6 मौत दर्ज की गई वहीँ ठियोग थाना के तहत 2 1 सड़क दुर्घटनाएं हुई और 7 मौत दर्ज हुई।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की हुई प्रदेश कार्य समिति बैठक

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट





## भाजपा एससी मोर्चा ने कांग्रेस पर लगाया अनदेखी का आरोप

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े मुद्दों को लेकर एक बार फिर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक ऊना स्थित भाजपा कार्यालय दीप कमल÷में आयोजित की गई बैठक में संगठन की भावी रणनीति, आगामी कार्यक्रमों और प्रदेश सरकार की नीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर जोर दिया। वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान ने कांग्रेस सरकार पर इस वर्ग की अनदेखी और पूर्ववर्ती योजनाओं को बंद करने के आरोप लगाए। बैठक को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है।वीओ – भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक मनीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान मनीष चौहान ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि बीते तीन वर्षों में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए कोई नई कल्याणकारी योजना शुरू नहीं की गई, बल्कि पूर्व भाजपा सरकार के समय संचालित योजनाओं को भी बंद कर दिया गया। उन्होंने इसे इस वर्ग के साथ अन्याय करार दिया उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल रहे मुख्य वक्ता

और सरकार की नीतियों को जनता के बीच ले जाने का आह्वान किया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और पूर्व में लागू योजनाओं को लेकर फीडबैक भी लिया गया। पार्टी नेताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अभी से सक्रिय रणनीति अपनाने पर सहमति बनाई। उन्होंने कहा कि बैठक में पार्टी नेतृत्व द्वारा आगामी समय के लिए जारी किए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर भी रूपरेखा बनाई जाएगी और इसके अतिरिक्त पूर्व में लागू की गई योजनाओं का फीडबैक भी इस बैठक में हासिल किया जा रहा है।

# बीपीएल पर कुठाराघात, 'गरीबी हटाओ' नहीं बल्कि 'गरीब हटाओ' अभियान चला रही कांग्रेस सरकार" : बिंदल

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस की प्रदेश सरकार पूरी तरह एंटी-पीपल गवर्नमेंट बन चुकी है। सरकार द्वारा एक के बाद एक लिए जा रहे सभी निर्णय जनता के हितों के विरुद्ध हैं। साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने लगातार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाला है और जन -जीवन को कठिन बना दिया है।डॉ. बिंदल ने कहा कि इस सरकार ने रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ाई, डीजल पर वैट बढ़ाकर आम आदमी की जेब पर सीधा वार किया। एचआरटीसी बस किरायों में कई गुना वृद्धि कर दी गई और यात्रियों को मिलने वाली छूट पूरी तरह समाप्त कर दी गई। डिपुओं में मिलने वाला राशन लगभग बंद- सा कर दिया गया और जो उपलब्ध है, उसे भी महंगा कर दिया गया। इसी तरह बिजली दरों में भारी-भरकम बढ़ोतरी कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला गया। ये सभी फैसले कांग्रेस सरकार के जन-विरोधी चरित्र को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने बीपीएल श्रेणी पर सीधा हमला किया है। नई नोटिफिकेशन जारी कर पंचायतों को विश्वास में लिए बिना, जनरल हाउस की बैठकें किए बिना, बीपीएल सूची में भारी कटौती की गई। भाजपा द्वारा जब इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की गई तो मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बीपीएल समाप्त नहीं किया गया है और चयन प्रक्रिया दोबारा शुरू होगी। लेकिन हकीकत यह है कि हाल ही में हुई ग्राम सभाओं में जो नियम



### वर्तमान कांग्रेस सरकार जन-विरोधी फैसलों की प्रतीक , साढ़े तीन साल में जनता पर महंगाई का कहर

लागू किए गए, उनके चलते करीब 90% लोग बीपीएल श्रेणी से बाहर हो गए।डॉ. बिंदल ने नियमों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी परिवार में 27 वर्ष या उससे अधिक आयु का पुरुष सदस्य है तो वह परिवार बीपीएल में नहीं रह सकता" यह सीधे-सीधे गरीब पर कुठारा घात है। उन्होंने कहा कि यह गरीबी हटाओ÷ नहीं, बल्कि गरीब हटाओ अभियान÷ है" सूची से गरीब हटाओ, तो आंकड़ों में गरीबी अपने-आप हट जाएगी । यह पूरी तरह जन-विरोधी सोच और नीति का परिणाम है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में सरकारी भवन खाली पड़े हैं, जबकि निजी मकानों में गरीबों का शोषण हो रहा है। सर्वाधिक प्रभावित अनुसूचित वर्ग के लोग हैं, जिनके साथ अन्याय किया जा रहा है" जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है।उन्होंने प्रदेश सरकार के भीतर चल रहे आंतरिक कलह पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री और मंत्रियों के बीच खुले मंचों पर आरोप-प्रत्यारोप हो रहे हैं, जो नीचे तक विभाजन पैदा कर रहे हैं। मंत्री एक-दूसरे पर और फिर प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाते हैं। नतीजा यह है कि विकास ठप है, संस्थाएं बंद पड़ी हैं, सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क" यह समझना मुश्किल है। आपदा-प्रभावित लोग लगातार और प्रभावित हो रहे हैं, जबकि सरकार आपसी लड़ाई में उलझी है।डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि यह सरकार जनता के लिए आपदा बन चुकी है और मौजूदा हालात में यह अपने ही बोझ से गिरती हुई दिखाई देती है।

**हकीकत यह है कि हाल ही में हुई ग्राम सभाओं में जो नियम लागू किए गए, उनके चलते करीब 90% लोग बीपीएल श्रेणी से बाहर हो गए।डॉ. बिंदल ने नियमों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी परिवार में 27 वर्ष या उससे अधिक आयु का पुरुष सदस्य है तो वह परिवार बीपीएल में नहीं रह सकता—**

# बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया



जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

जिला मुख्यालय के स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में विधि-विधान से ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर विद्या, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात पवित्र हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से आहुतियां डालकर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के प्रबंध निदेशक धीरज शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक सोच को अपनाने का संदेश देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित अभिभा-वकों और शिक्षकों ने खूब सराहा। विद्यालय परिसर को पीले रंग के परिधानों और सजावट से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में बसंत की छटा देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए प्रसाद वितरण किया गया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की गईं। इस मौके पर अदिति शर्मा, पूजा शर्मा, संजू शर्मा, सोनम, निशा, सुनीता, प्रीति, मनीता, शिखा, मनदीप, रुचि, कल्पना, सरिता, रेणु, अल्का, पूजा, मुक्ता, रेणुका, बबिता, प्रियंका, दीक्षा, नीलम, उपेंद्र, राजीव, निखिल, मीनू महिका, सोनिया, पूनम, बलजिंदर शिवानी सहित स्कूल के विद्य -ार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।,

# राजीव बिंदल पहले भाजपा की विफलताओं का हिसाब दें ,कांग्रेस पर अनर्गल बयानबाज़ी बंद करें :- देशराज गौतम

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट



जिला कांग्रेस कमेटी ऊना के अध्यक्ष देशराज गौतम ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल द्वारा कांग्रेस सरकार पर दिए जा रहे गैर- जिम्मेदाराना और तथ्यहीन बयानों पर कड़ा और तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को कांग्रेस पर उंगली उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। पहले उन्हें अपनी सरकारों की जनविरोधी नीतियों और ऐतिहासिक विफलताओं का जवाब देना चाहिए।देशराज गौतम ने कहा कि भाजपा शासन में कर्मचारियों का खुलेआम उत्पीड़न किया गया। ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग करने वाले कर्मचारियों को अपमानित किया गया और नौकरी छोड़ने की धमकियां दी गईं। भाजपा की सोच शुरू से ही कर्मचारी-विरोधी रही है, जबकि कांग्रेस ने सत्ता में आते ही ओपीएस कर यह सिद्ध कर दिया कि वह कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की सच्ची रक्षक है।उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने संसद में मनरेगा को कमजोर करने वाला बिल पेश किया, लेकिन भाजपा का कोई सांसद गरीबों के पक्ष में बोलने की हिम्मत नहीं कर पाया। डॉ. मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार द्वारा ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए दिए गए पंचायतों के अधिकार भाजपा ने छीन लिए। गरीब की रोज़ी-रोटी छीनने वाली भाजपा आज विकास की बातें कर रही है, यह जनता के साथ सबसे बड़ा मज़ाक है।देशराज गौतम ने कहा कि भाजपा आज पंचायतों को विश्वास में न लेने का झूठा रोना रो रही है, जबकि हकीकत यह है कि पंचायतों के अधिकारों की हत्या भाजपा सरकार ने की। यह भाजपा का दोहरा चरित्र और राजनीतिक पाखंड है।उन्होंने सवाल किया कि भाजपा बताए" युवाओं को दो करोड़ रोजगार देने का वादा कहां गया? नोटबंदी के नाम पर देश की अर्थव्यवस्था को तबाह किया गया और आम आदमी की कमर तोड़ दी गई। बेरोजगारी और महंगाई के लिए सीधे तौर पर भाजपा जिम्मेदार है।बस किराया बढ़ोतरी पर भाजपा की बयानबाज़ी को ढकोसला बताते हुए उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने दो बार बस किराया बढ़ाकर जनता पर बोझ डाला, जो आज की तुलना में कहीं अधिक था। भाजपा को जनता को गुमराह करना बंद करना चाहिए।देशराज गौतम ने कहा कि 2014 में भाजपा ने हर परिवार को 15 लाख रुपये देने का वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी परिवार को यह राशि नहीं मिली। इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500 देने का जो वादा किया है, उसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है और कई क्षेत्रों में महिलाओं को यह राशि मिलनी भी शुरू हो गई है।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा की राजनीति झूठ, भ्रम और जनता को गुमराह करने पर टिकी है, जबकि कांग्रेस की राजनीति जनसेवा, अधिकार और जवाब देही पर आधारित है। भाजपा नेताओं को अनाप- शनाप बयान देने के बजाय जनता से अपने झूठे वादों का हिसाब देना चाहिए।

**ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए दिए गए पंचायतों के अधिकार भाजपा ने छीन लिए। गरीब की रोज़ी-रोटी छीनने वाली भाजपा आज विकास की बातें कर रही है, यह जनता के साथ सबसे बड़ा मज़ाक है।देशराज गौतम**

# सुदामा प्रसंग ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर



जागो वर्ल्ड - दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा

श्री राधा कृष्ण मंदिर भंजाळ में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का दिव्य एवं भक्तिमय वातावरण में सफल समापन हुआ। इस पावन अवसर पर कथावाचक आचार्य गणेश दत्त शास्त्री जी ने श्रीमद भागवत के अत्यंत मार्मिक सुदामा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। आचार्य शास्त्री जी ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता, प्रेम और समर्पण पर आधारित होती है, जिसमें धन दौलत का कोई महत्व नहीं होता। सुदामा प्रसंग के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि भगवान अपने भक्तों के भाव को देखते हैं, न कि उनके बाहरी आडंबर को।कथा के समापन अवसर पर मंदिर परिसर भजन -कीर्तन और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक शांति और पुण्य लाभ प्राप्त किया।

Editor .printer and publisher pankaj kumar on behalf , Kji mieda network una Himachal 174303 from publish M/S Danik bhaskar Crop.LTD.,malikpur.sirhind ,distt.,Fatehgarh Sahib, punjab and publish from jago times ,first ‡our saini market near joshi medical store old hoshiyarpur road teh.and distt.UNA दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र ऊना में ही होगा फोन नंबर 97362-23261,82610-88888 www.dainikjagoworld.com